# बंगाली को 'बांग्लादेशी' भाषा बताने पर ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दिल्ली पुलिस पर एक कथित पत्र में बंगाली भाषा को 'बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा' करार दिये जाने पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह 'अपमानजनक, राष्ट्र-विरोधी और असंवैधानिक' है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी, जिन्होंने एक्स पर पत्र साझा किया, ने अपनी पार्टी प्रमुख की भावनाओं को दोहराया और आरोप लगाया कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा 'बंगाल को बदनाम' करने का एक सोचा-समझा प्रयास है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को उचित ठहराया और कहा कि पश्चिम बंगाल में बोली और लिखी जाने वाली बांग्ला भाषा और बांग्लादेश की बोली में अंतर है। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि टीएमसी अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों का बचाव करने की कोशिश कर रही है जो उर्दू से प्रभावित बांग्ला भाषा बोलते हैं। 'विदेशी अधिनियम' के तहत एक मामले की जांच से जुड़ा यह पत्र राष्ट्रीय राजधानी में राज्य सरकार के आधिकारिक अतिथि गृह (बंग भवन) के प्रभारी अधिकारी को लिखा गया था। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने केंद्र सरकार को बंगाली विरोधी बताया और 'देश के बांग्ला भाषी लोगों को अपमानित करने के लिए ऐसी संविधान-विरोधी भाषा' के खिलाफ सभी से विरोध प्रदर्शन करने का आग्रह किया। ममता बनर्जी ने पत्र की एक प्रति साझा करते हुए अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, ''देखिए, अब कैसे भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सीधे नियंत्रण में दिल्ली पुलिस बांग्ला को 'बांग्लादेशी' भाषा बता रही है।'' ममता बनर्जी ने कहा कि बांग्ला न केवल उनकी मातृभाषा है, बल्कि रवींद्रनाथ टैगोर और स्वामी विवेकानंद की भी भाषा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्ला ही वह भाषा है जिसमें भारत का राष्ट्रगान (टैगोर द्वारा रचित 'जन गण मन') और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम', दोनों लिखे गए थे। ममता बनर्जी ने कहा, ''... वह भाषा जिसमें करोड़ों भारतीय बोलते और लिखते हैं, वह भाषा जिसे भारत के संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त है, उसे अब बांग्लादेशी भाषा बताया जा रहा है!''

## आज मुख्यमंत्री ममता पार्टी सांसदों के साथ करेंगी बैठक

संसद सत्र के बीच तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने पार्टी के सांसदों के साथ सोमवार को शाम 4:30 बजे एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक बुलाई है। इस बैठक में लोकसभा और राज्यसभा के तृणमूल सांसदों को पार्टी लाइन पर मार्गदर्शन देने की उम्मीद भी जताई जा रही है। अचानक बैठक बुलाने को लेकर यह कयास लगाए जा रहे हैं कि संसद में किन मुद्दों को जोर-शोर से उठाया जाएगा और पार्टी किस रणनीति के साथ भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोलेगी। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में कुछ बड़ी जिम्मेदारियों का बंटवारा भी किया जा सकता है, जिसे लेकर पार्टी के भीतर चर्चाएं तेज हो गई हैं। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, पांच अगस्त को एक और बड़ी वर्चुअल बैठक रखी गई है जिसमें तृणमूल के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि, जैसे सांसद, विधायक, नगर निगम के महापौर, उपमहापौर, चेयरमैन, जिला परिषद प्रमुख और पंचायत समितियों के अध्यक्ष शामिल होंगे।

## राहुल गांधी राष्ट्र-विरोधी हैं, केवल बांग्लादेश और पाकिस्तान के मुसलमानों का समर्थन करते हैं: हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्र-विरोधी हैं और केवल बांग्लादेश और पाकिस्तान के मुसलमानों का समर्थन करते हैं। 'बोडोलैंड टेरीटोरियल रीजन' में एक चुनाव प्रचार सभा से इतर शर्मा ने संवाददाताओं के साथ बातचीत में यह दावा भी किया कि कांग्रेस कामाख्या मंदिर और महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव जैसे ''असम की पहचान के प्रतीकों का सम्मान नहीं करती है।'' शर्मा ने आरोप लगाया, ''राहुल गांधी भारत-विरोधी हैं। वह केवल बांग्लादेशी और पाकिस्तानी मुसलमानों के साथ हैं। वह न तो भारतीय हिंदुओं के साथ हैं न ही भारतीय मुसलमानों के साथ। राहुल गांधी की शख्सियत भारत विरोधी है।'' हालांकि, असम के मुख्यमंत्री ने इस बारे में कुछ नहीं बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी के लिए उन्होंने ''राष्ट्रविरोधी'' शब्द का इस्तेमाल क्यों किया।

## तेजस्वी यादव की बढ़ेंगी मुश्किलें, दो वोटर आईडी कार्ड मामले में चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

**पटना/नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने रविवार को आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को नोटिस भेजा। यह नोटिस इसलिए भेजा गया क्योंकि उनके पास कथित तौर पर दो अलग-अलग एपिक नंबर पाए गए। ये नंबर RAB0456228 और RAB2916120 हैं। आयोग ने स्पष्ट किया कि एपिक नंबर RAB2916120, जिसका जिक्र तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया था, आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किया गया था। आयोग ने उनसे कार्ड सौंपने को कहा है ताकि आगे जांच की जा सके। इसीआई ने अपने पत्र में कहा है कि जांच करने पर पता चला कि तेजस्वी यादव का नाम बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन में स्थित मतदान केंद्र संख्या 124 के क्रम संख्या 416 पर दर्ज है। उनका एपिक नंबर RAB0456228 है। आयोग ने तेजस्वी यादव से वह कार्ड भी मांगा है जिसका जिक्र उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया था।


RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


## निर्वाचन आयोग अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहा है: चिदंबरम



**नयी दिल्ली :** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर जारी विवाद के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्यों के चुनावी चरित्र और तरीके को बदलने की कोशिश कर रहा है। चिदंबरम ने साथ ही कहा कि इन ''शक्तियों के दुरुपयोग'' का राजनीतिक और कानूनी रूप से मुकाबला किया जाना चाहिए। पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि बिहार में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया दिन-प्रतिदिन और भी ज्यादा विचित्र होती जा रही है। चिदंबरम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक ओर बिहार में 65 लाख मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने का खतरा है, तो दूसरी तरफ तमिलनाडु में 6.5 लाख लोगों को मतदाता के रूप में 'जोड़ने' की खबरें चिंताजनक व स्पष्ट रूप से अवैध हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा, उन्हें 'स्थायी रूप से प्रवासी' कहना प्रवासी श्रमिकों का अपमान है और अपनी पसंद की सरकार चुनने के तमिलनाडु के मतदाताओं के अधिकार में घोर हस्तक्षेप है।

### चिदंबरम का बयान भ्रामक, बिहार को तमिलनाडु से जोड़ना बेतुका: निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु में 6.5 लाख मतदाताओं के नाम जोड़ने के पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम के दावे को रविवार को गलत करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को तमिलनाडु से जोड़ना बेतुका है, जहां एसआईआर अभी तक शुरू नहीं किया गया है।

### बिहार मसौदा सूची में नाम शामिल करने या हटाने की अब तक किसी भी पार्टी ने मांग नहीं की: आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि बिहार में किसी भी राजनीतिक दल ने एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने के लिए अब तक उससे संपर्क नहीं किया है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि एक अगस्त को अपराह्न तीन बजे से तीन अगस्त (रविवार) को अपराह्न तीन बजे तक दावे और आपत्तियों के तहत कोई मांग प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि व्यक्तिगत रूप से, मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम शामिल करने या अपात्र लोगों के नाम हटाने के लिए 941 दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। राजनीतिक दलों और मतदात-ाओं के पास मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने की मांग करने के लिए एक सितंबर तक एक महीने का समय है।

### प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह ने राष्ट्रपति मुर्मू से अलग अलग मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अलग-अलग मुलाकात की। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की राष्ट्रपति के साथ हुई भेंट का कारण ज्ञात नहीं हो सका। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर लिखा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।'' मोदी के राष्ट्रपति से मुलाकात के कुछ घंटों बाद शाह ने भी मुर्मू से भेंट की। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।'' गृह मंत्री ने मुर्मू के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, राष्ट्रपति भवन में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात की। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय से अब तक कोई बयान नहीं आया है।

## 'इंडिया' गठबंधन की सात अगस्त को रात्रिभोज पर बैठक, आठ अगस्त को करेंगे निर्वाचन सदन की ओर कूच

**नयी दिल्ली :** विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मुद्दे पर रणनीति संबंधी चर्चा करने के लिए सात अगस्त को रात्रिभोज बैठक किये जाने की संभावना है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विपक्षी दल मतदाता सूची की एसआईआर प्रक्रिया के विरोध में आठ अगस्त को निर्वाचन आयोग के कार्यालय तक मार्च निकालने की भी योजना बना रहे हैं। यह बात संसद के मानसून सत्र में एसआईआर मुद्दे पर गतिरोध के बीच सामने आई है। इस सत्र में इस विषय पर गतिरोध के चलते कामकाज नहीं हो पा रहा है। चर्चा की विपक्ष की मांग को सत्तारूढ़ गठबंधन मानने को तैयार नहीं है। सूत्रों के अनुसार, 'इंडिया' गठबंधन के दलों के नेता सात अगस्त को एक रात्रिभोज बैठक आयोजित करेंगे जिसमें एसआईआर मुद्दे पर वे अपनी रणनीति पर चर्चा करेंगे। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की घोषणा हो चुकी है और कई विपक्षी नेताओं ने संकेत दिया है कि वे एक संयुक्त उम्मीदवार भी उतार सकते हैं। विपक्षी दलों ने बिहार में एसआईआर प्रक्रिया पर आशंका व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि इससे कई लोग मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने इसे 'वोटबंदी' और 'वोट-चोरी' करार दिया है। 'इंडिया' गठबंधन की पार्टियां संसद के अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के एक फैसले का हवाला दिया कि संसद निर्वाचन आयोग के कामकाज पर चर्चा नहीं कर सकती। इस फैसले से यह संकेत मिलता है कि सरकार को विपक्ष की चर्चा की मांग मंजूर नहीं है। हालांकि, रीजीजू ने कहा कि इस मुद्दे पर निर्णय लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति/उपसभापति को लेना है।

## गोंडा में एसयूवी सरयू नहर में गिरने से एक ही परिवार के नौ लोगों समेत 11 श्रद्धालुओं की मौत



**गोंडा :** उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के इटियाथोक क्षेत्र में रविवार को एक एसयूवी के सरयू नहर में गिरने से एक ही परिवार के नौ लोगों समेत 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। गोंडा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत जायसवाल ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले श्रद्धालुओं में छह महिलाएं, दो पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं। इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इटियाथोक थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में सवार श्रद्धालु मोतीगंज थाना क्षेत्र के सीहागांव गांव से खर-गूपुर स्थित प्रसिद्ध पृथ्वीनाथ मंदिर में पवित्र जल चढ़ाने जा रहे थे तभी बेलवा बहुता के पास यह दुर्घटना हुई। राय ने बताया कि एसयूवी में चालक सहित कुल 15 लोग सवार थे, वाहन सड़क से फिसलकर नहर में पलट गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों और बचाव दल की मदद से डूबे हुए वाहन से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित 11 शव निकाले गए। चार अन्य यात्रियों को बचा लिया गया है और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। जायसवाल ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले श्रद्धालुओं की पहचान मोतीगंज थाना क्षेत्र के सीहागांव के प्रहलाद की पत्नी बीना (44), दो बेटियां काजल (22) और महक उर्फ रिंकी (12), प्रह्लाद के भाई राम करण (36) व उनकी पत्नी अनसुइया (34), बेटी सौम्या (9), बेटा शुभ (7), प्रहलाद के सबसे छोटे भाई रामरूप की पत्नी दुर्गेश नंदिनी (35), बेटा अमित (14) शामिल हैं। इसके अलावा प्रहलाद के पड़ोसी राम ललन वर्मा की पत्नी संजू (26) और उनकी बहन गुड़िया उर्फ अंजू (20) की भी मौत हो गई। एसपी ने बताया कि वाहन चालक समेत चार लोगों को बचा लिया गया है और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। हादसे में प्रहलाद का बेटा सत्यम, बेटी पिंकी, पड़ोसी राम ललन वर्मा और चालक सीतारमण भी घायल हैं, जिनका स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया और अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना भी की।


उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com


## नीट-पीजी 301 शहरों में आयोजित, 2,42,000 से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल



**नयी दिल्ली :** देश में रविवार को 2,42,000 से ज़्यादा अभ्यर्थी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) में शामिल हुए। यह परीक्षा विभिन्न स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा आयोजित की जाती है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि परीक्षा एक ही पाली में 301 शहरों के 1,052 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। अभ्यर्थियों की संख्या के लिहाज से यह भारत की सबसे बड़ी कंप्यूटर-आधारित परीक्षा है जो एक ही पाली में आयोजित की गई है। एनबीईएमएस ने अनुचित साधनों के प्रयोग की किसी भी संभावना को समाप्त करने के लिए विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और मान्यता प्राप्त अस्पतालों के 2,200 से अधिक संकाय सदस्यों को नियुक्त किया था। एनबीईएमएस ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखकर सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त कानून-व्यवस्था, साइबर सुरक्षा और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया। इस संबंध में जिला प्रशासन और पुलिस से भी सहायता मांगी गई। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए एनबीईएमएस ने गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) से सहायता ली। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न परीक्षा केंद्रों, विशेषकर संवेदनशील केंद्रों पर किसी भी प्रकार की नकल रोकने के लिए लगभग 300 साइबर कमांडो तैनात किए गए।


Four Square by Basu Hotel

ENJOY A JOYFULL EXPERIENCE




A Fresh Reason to Return...!

- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## हाईवे पर गति संग मति भी रहे दुरुस्त

देश में जब तेजी से हाई–वे बने तो लगा कि अब आम आदमी की यात्रा सुगम व सुरक्षित होगी। तब सफर में लोगों के घंटों बचने लगे। यात्रियों के पेट्रोल व डीजल की खपत कम हुई। विडंबना यह है कि कालांतर वाहनों की गति सीमाएं तोड़ने लगी। बेलगाम गति दुर्घटनाओं का सबब बनी। वे खबरें विचलित करती हैं जब पूरे के पूरे परिवार सड़क दुर्घटनाओं की भेंट चढ़ जाते हैं। निस्संदेह, जब व्यक्ति निर्धारित सीमा से अधिक की गति से वाहन चलाता है तो विषम परिस्थितियों में अचानक ब्रेक लगाना ही पड़ता है। ऐसे में पीछे से नियंत्रित गति में चलने वाले वाहन चालक भी सड़क दुर्घटनाओं की चपेट में आ जाते हैं। अकसर बेकसूर लोग दूसरों की गलती की कीमत चुकाते हैं। ऐसी ही दुर्घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला आया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि हाई–वे पर कोई वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाता है तो दुर्घटना की स्थिति में इसे लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने माना कि हाई–वे पर वाहनों का तेज गति से चलना स्वाभाविक है, लेकिन यदि कोई चालक अचानक वाहन रोकता है तो उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह ब्रेक मारने से पहले पीछे आने वाले वाहन चालकों को चेतावनी या कोई संकेत दे। उल्लेखनीय है कि यह फैसला वर्ष 2017 में कोयंबटूर में एक इंजीनियरिंग छात्र के साथ हुए हादसे के बाबत आया है, जिसमें उसे अपनी टांग गंवानी पड़ी। दरअसल, उसकी मोटरसाइकिल अचानक रोकी गई एक कार से टकरा गई थी। इस टक्कर में उसके नीचे गिरने पर पीछे से आ रही बस ने उसके पैर को कुचल डाला। कोर्ट ने कार चालक की इस दलील को तार्किक नहीं माना कि उसे पत्नी के अस्वस्थ होने के कारण कार अचानक रोकनी पड़ी। अदालत का मानना था कि उसने भले ही किसी भी परिस्थिति में कार रोकी,लेकिन उसे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को संकेत या चेतावनी जरूर देनी चाहिए थी, ताकि इस हादसे को टाला जा सकता।

अदालत ने कहा कि यदि इस मामले में आधी गलती कार चालक की है तो बीस–बीस फीसदी गलती अपील करने वाले व बस चालक की भी है। कोर्ट ने अपील करने वाले को अगले वाहन से पर्याप्त दूरी न रखने व लाइसेंस न होने का दोषी माना। फलत: उसके मुआवजे में बीस फीसदी की कटौती की। दरअसल, हाई–वे पर होने वाले तमाम हादसों में वाहनों की निर्धारित सीमा से अधिक गति को मुख्य कारण बताया जा रहा है। 'हाई–वे रोड सेफ्टी रिपोर्ट 2021' के अनुसार दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं में 74 फीसदी हादसे वाहनों की निर्धारित गति सीमा से अधिक पर वाहन चलाने की वजह से होते हैं। जिसके चलते राजमार्गों में सुरक्षा मानकों को ताक पर रख दिया जाता है। निस्संदेह, हमने यूरोपीय स्टाइल के हाई–वे तो बना दिए मगर चालकों को नियम–कानूनों के पालन के लिये जागरूक नहीं कर पाये। यही वजह है कि दुर्भाग्य से देश की सड़कों में हर तीन मिनट में एक बेगुनाह व्यक्ति की मौत हो जाती है। जाहिर है, दोष सड़कों का नहीं बल्कि चालकों के व्यवहार में अराजकता का है। जरूरी है कि वाहन चालकों को नियमों का पालन करने तथा गति सीमा नियंत्रित रखने हेतु प्रेरित किया जाए। तभी दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क दुर्घटनाओं के लिये निरापद बन सकेगा। निस्संदेह, सड़क निर्माण में भी कई बार तकनीकी खामियां पायी जाती हैं। पदयात्रियों व जानवरों के हाई–वे पर आ जाने से वाहन चालकों को ब्रेक लगाने को मजबूर होना पड़ता है। लेकिन कोर्ट के निर्देश के अनुरूप ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को इसका संकेत देना जरूरी है। साथ ही तकनीकी व गुणवत्ता की दृष्टि से दोषपूर्ण सड़क बनाने वालों की जवाबदेही भी तय करना जरूरी है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट ने नजीर का फैसला दिया है, जो वाहन चालकों की जवाबदेही सुनिश्चित करता है। साथ ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को आगे के वाहन से सुरक्षित दूरी बनाकर चलना होगा, ताकि अचानक ब्रेक लगने की स्थिति में वे खुद का और पीछे आने वाले वाहनों का बचाव कर सकें।

# क्या अब सुप्रीम कोर्ट तय करेगा कि रोहिंग्या- शरणार्थी हैं या घुसपैठिए'



रामस्वरूप रावतसरे

सुप्रीम कोर्ट ने 31 जुलाई 2025 को कहा कि वह यह तय करेगा कि भारत में रह रहे अवैध रोहिंग्या 'शरणार्थी' माने जाएँगे या 'अवैध घुसपैठिए'। कोर्ट में रोहिंग्या से जुड़े कई मामलों की सुनवाई हो रही है। जस्टिस सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और एन. कोटिश्वर सिंह की तीन जजों की पीठ ने कहा कि यह मामला अब तीन दिनों तक विस्तार से सुना जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जिन प्रमुख मुद्दों पर विचार करने की बात कही, वे हैं–क्या रोहिंग्या लोगों को 'शरणार्थी' घोषित किया जा सकता है? अगर हाँ, तो उन्हें किस प्रकार की सुरक्षा और अधिकार मिलेंगे?

अगर रोहिंग्या अवैध रूप से भारत में घुसे हैं, तो क्या भारत सरकार और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी बनती है कि उन्हें कानून के अनुसार देश से बाहर निकाला जाए?

अगर रोहिंग्या को अवैध घुसपैठिया मान भी लिया जाए, तो क्या उन्हें अनिश्चित समय तक हिरासत में रखा जा सकता है? या फिर उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दी जानी चाहिए?

जो रोहिंग्या हिरासत में नहीं हैं और शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं, क्या उन्हें पीने का पानी, स्वच्छता, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएँ मिल रही हैं? क्या यह सब संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन के अधिकार) के अनुसार है?

भारत सरकार ने देश में अवैध रूप से घुसे रोहिंग्या मुस्लिमों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर निकालने (डिपोर्ट) की प्रक्रिया तेज कर दी है। सरकार का कहना है कि ये अवैध रोहिंग्या देश की कानून–व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और डेमोग्राफी के लिए खतरा बन सकते हैं। इसी वजह से केंद्र सरकार लगातार इन्हें पहचानकर वापस भेजने की कोशिश कर रही है। हालाँकि सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ कुछ विदेशी फंडिंग पाने वाले तथाकथित मानवाधिकार संगठन और एनजीओ सुप्रीम कोर्ट पहुँचे। उन्होंने रोहिंग्याओं को भारतीय नागरिकों के बराबर अधिकार देने और उनकी देश से वापसी रोकने की माँग की थी।

मई 2025 में, जब सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर सुनवाई हुई तो अदालत ने स्पष्ट और संतुलित रुख अपनाया। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की उस माँग को खारिज कर दिया जिसमें वे चाहते थे कि इस मामले को तुरंत प्राथमिकता के साथ सुना जाए। कोर्ट ने कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई और सरकार की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया। इस तरह सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि अवैध घुसपैठियों के मामले में कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंभीरता जरूरी है। गैर सरकारी संगठन उन अवैध रोहिंग्याओं की रक्षा करना चाहते हैं जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।

जानकारों की माने तो याचिकाकर्ता चाहते हैं कि भारत सरकार रोहिंग्या मुस्लिमों के मामले में 'मानवीय दृष्टिकोण' अपनाए लेकिन यह भी सच है कि कई अवैध रोहिंग्या नागरिक गंभीर आपराधिक गतिविधियों, जैसे मानव तस्करी में शामिल पाए गए हैं। ये अवैध प्रवासी उस देश के संसाधनों पर दावा ठोक रहे हैं जिसकी आबादी पहले से ही बहुत बड़ी है। फिर भी, तथाकथित मानवाधिकार कार्यकर्ता और वकील राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इनके पक्ष में आवाज उठा रहे हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि रोहिंग्या धीरे–धीरे देश के कई हिस्सों में फैल गए हैं। इनमें से कई लोगों ने फर्जी आधार कार्ड और अन्य स्थानीय पहचान पत्र भी बना लिए हैं जिसका फायदा उन्हें तुष्टिकरण की राजनीति से मिला।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के आँकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर 2024 तक भारत में 95,000 से ज्यादा रोहिंग्या मुस्लिम रह रहे हैं। इनमें से लगभग 22,500 लोग शरणार्थी और शरण की माँग करने वाले हैं। इन्हें संयुक्त राष्ट्र ने 'राज्यविहीन' माना है।

भारत अवैध रोहिंग्याओं को रखने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है। 1951 शरणार्थी सम्मेलन एक अंतरराष्ट्रीय संधि है जो यह तय करती है कि शरणार्थी किसे कहा जाता है और इस पर हस्ताक्षर करने वाले देशों की शरणार्थियों और शरण की माँग करने वालों के प्रति क्या जिम्मेदारियाँ होती हैं। इस संधि के अनुसार किसी भी देश को शरणार्थियों को उस देश में वापस नहीं भेजना चाहिए जहाँ उन्हें उत्पीड़न या खतरा हो सकता है हालाँकि, भारत ने इस 1951 सम्मेलन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, इसलिए भारत इस संधि के नियमों से कानूनी रूप से बँधा नहीं है। इसका मतलब यह है कि भारत को शरणार्थियों को अपने देश में रखना जरूरी नहीं है और वह अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या मुस्लिमों को निर्वासित कर सकता है।

सुप्रीम कोर्ट अब रोहिंग्या शरणार्थियों की कानूनी स्थिति से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा है लेकिन इस विषय पर निर्णय लेने का असली अधिकार संसद के पास है। संविधान का अनुच्छेद 11 संसद को नागरिकता से जुड़े सभी मामलों, जैसे नागरिकता प्राप्त करना, छोड़ना और समाप्त करना आदि के लिए कानून बनाने का अधिकार देता है। नागरिकता से जुड़े कानूनों को लागू करने की मुख्य जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की है। संसद ने भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 बनाया है जो नागरिकता प्राप्त करने, छोड़ने और नागरिकता वापस लेने से जुड़े नियम तय करता है। हालाँकि रोहिंग्या शरणार्थी, जो अवैध रूप से भारत में आए हैं, इस कानून के अंतर्गत नहीं आते बताए जा रहे है।

भारत सरकार का यह स्पष्ट रुख है कि रोहिंग्या लोग अवैध प्रवासी हैं और उन्हें देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसलिए सरकार उन्हें वापस भेज रही है। सरकार का यह मानना है कि अगर ऐसे तत्वों को भारत में रहने दिया गया, तो यह देश की कानून–व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। ऐसे गंभीर मामलों का निर्णय संसद जैसे संस्थान के हाथ में होना चाहिए क्योंकि यह जनता के प्रति जवाबदेह होता है। जानकारों के अनुसार अब जब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को अपने हाथ में लिया है, तो यह उम्मीद की जाती है कि वह केवल कानूनी तर्कों और सूखी व्याख्या तक सीमित न रहकर, देश और जनता के व्यापक हितों को प्राथमिकता देते हुए अवैध घुसपैठ के प्रति ठोस निर्णय करेगा।

# भारत में मांसाहारी दुग्ध उत्पाद और चारा बेचना चाहता है अमेरिका



प्रमोद भार्गव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऊल–जलूल टैरिफ संबंधी घोषणाएं करके भारत पर बेवजह दबाव बनाने में लगे हैं। उन्होंने 1 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एकतरफा निर्णय ले लिया है। यही नहीं ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने की वजह से अतिरिक्त जुर्माना लगाने की बात भी कही है। यह टैरिफ देशी भारतीय दुग्ध एवं कृषि उत्पाद हड़पने की दृष्टि से भी लगाया गया है। जिससे भारत दबाव में आकर इन उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दे। लेकिन भारत भलि–भांति जानता है कि अमेरिका के सस्ते अनाज, पसु चारा और मांसाहारी चीज (पनीर) के लिए भारतीय बाजार खोल दिया जाता है तो किसान तो तबाह होगा ही शाकाहारी संस्कृति को भी पलीता लगेगा। साथ ही भारत सरकार जिन प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) को बढ़ावा देकर कृषि और दूध उत्पादों को वैश्विक बाजार में लाने की पृष्ठभूमि तैयार कर रही है, वह विचार भी चकनाचूर हो जाएगा। इसलिए सरकार ने साफ कह दिया है कि इन क्षेत्रों में बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं है। वैसे भी अब यह सच्चाई सामने आ रही है कि एकतरफा वैश्वीकरण से दुनिया का भला होने वाला नहीं है। अतएव स्वदेशी उत्पादों के जरिए ही आत्मनिर्भर बने रहने की पहल जारी रखनी होगी। भारत इस दिशा में मजबूती से बढ़ भी रहा है। इसलिए ट्रंप जैसे वाचाल और सनकी शासक की परवाह करने की जरूरत नहीं है।

भारत में गाय को माता यूं ही नहीं कहा जाता है। वे भारतीय ऋषि ही थे, जिन्होंने सबसे पहले जाना था कि गाय के दूध में ऐसे पोषक तत्व हैं, जो शरीर और दिमाग दोनों को ही स्वस्थ रखते हैं। यह दूध ही है, जिससे दही, मठा, मक्खन और घी जैसे सह–उत्पाद निकलते हैं। ये उत्पाद मिठाई की दुकानों से लेकर डेयरी उद्योग के जरिए करोड़ों लोगों के रोजगार का मजबूत मध्यम बने हुए हैं। लंबे समय तक गाय से पैदा बैल पर ही भारतीय कृषि निर्भर रही है। इसी कृषि की जीडीपी में 24 प्रतिशत की भागीदारी है। भारतीय दुग्ध उत्पादन से लेकर दूध पीने में दुनिया में पहले स्थान पर हैं। इसी दूध पर अमेरिकी बाजार के कब्जे के लिए अमेरिका अपने यहां उत्पादित मांसाहारी दुग्ध उत्पाद और पशु चारा बेचना चाहता है। अन्य यूरोपीय देशों की निगाह भी इस दूध के व्यापार पर भी टिकी हैं। इस बाबत अमेरिका और भारत के बीच 500 बिलियन डॉलर के व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। इसी समझौते की सूची में अमेरिकन मांसाहारी दूध के उत्पाद शामिल हैं। भारत सरकार ने इस बाबत दो टूक कह दिया है कि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों और पशु चारे को भारतीय बाजार का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। यह हमारे दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका और उनकी संस्कृति की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा प्रश्न है, जो स्वीकार योग्य नहीं है।

दरअसल अमेरिका मांसयुक्तचीज (पनीर) और पनीर भारत में बेचने का इच्छुक है। इस चीज को बनाने की प्रक्रिया में बछड़े की आंत से बने एक पदार्थ का इस्तेमाल होता है। अत्यंत घिनौना कृत्य करके इसे चीज में मिलाया जाता है। शाकाहारी लोग इस प्रक्रिया को देख भी नहीं सकते हैं। इसलिए भारत के शाकाहारियों के लिए यह पनीर वर्जित है। गौ–सेवक व गऊ को मां मानने वाला भारतीय समाज इसे स्वीकार नहीं करता। अमेरिका में गायों को मांसयुक्त चारा खिलाया जाता है, जिससे वे ज्यादा दूध दें। हमारे यहां गाय–भैंसें भले ही कूड़े–कचरे में मुंह मारती फिरती हों, लेकिन दुधारू पशुओं को मांस खिलाने की बात कोई सपने में भी नहीं सोच सकता? लिहाजा अमेरिका को चीज बेचने की इजाजत नहीं मिल पा रही है।

भारत में 13 जनवरी 1970 को फ्लड ऑपरेशन के साथ दूध का उत्पादन शुरू हुआ था। इसे ही श्वेत क्रांति का नाम दिया गया। यह केवल भारत में ही नहीं विश्व में सबसे बड़े ग्रामीण कार्यक्रमों में से एक है। इसी की बदौलत भारतीय डेयरी उद्योग का चेहरा बदला और लाखों दुग्ध उत्पादक किसानों की आर्थिकी में क्रांतिकारी बदलाव आया। दरअसल फिरंगी हुकूमत के दौरान पॉल्सन नाम की ब्रिटिश कंपनी का इस क्षेत्र का दूध खरीदने पर एकाधिकार था। कंपनी दुग्ध उत्पादकों का लगातार शोषण कर रही थी। इस शोषण की शिकायत किसानों ने सरदार पटेल से की। पटेल गोधन, गोरस और गोदान की हिंदू जीवन शैली के अनुयायी थे। पटेल शोषण की जानकारी से बेचैन हुए और लौहपुरुष के अवतार में आ गए, उन्होंने तत्काल कंपनी को दूध बेचने से मना कर दिया। उनका मानना था कि जब कंपनी को दूध मिलेगा ही नहीं, तो उसे किसानों की शर्तें मानने को मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही पटेल ने सभी किसानों को मिलकर सहकारी संस्था बनाकर स्वयं दूध और दूध के उत्पाद बेचने की सलाह दी। पटेल के इस सुझाव से किसान सहमत हो गए और अंग्रेजों को दूध न देने की चुनौती दे दी। बाद में 1946 में पटेल ने अपने भरोसे के साथ ही मोरारजी देसाई और त्रिभुवन दास पटेल की सहायता से भारत की पहली दुग्ध सहकारी संस्था की स्थापना की, इसे ही बाद में जिला सहकारी दुग्ध उत्पादन संघ के नाम से जाना गया। 250 लीटर दूध का प्रतिदिन कारोबार करने वाली इसी संस्था को आज विश्वव्यापी संस्था 'अमूल' के नाम से जाना जाता है। मिशिगन स्टेट विवि से मैकेनिकल इंजीनियरिंग करके भारत लौटे वर्गीज कुरियन ने सरकारी नौकरी छोड़कर इस संस्था में काम शुरू किया और भारत का पहला दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया। इसके बाद किसानों की ज्ञान परंपरा और कुरियन के यांत्रिक गठबंधन से इस संस्था ने उपलब्धि का शिखर चूम लिया।

बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं। लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पादन में सफल हैं, बल्कि इसके सह–उत्पाद दही, मठा, घी, मक्खन, पनीर, मावा आदि बनाने में भी मर्मज्ञ हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। करीब 1.5 करोड़ परिवार सहकारी दुग्ध उत्पादकता से जुड़े हैं, जबकि 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवार आज भी सहकारिता के दायरे से वंचित हैं। दूध उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की अहम् भूमिका रहती है। रोजाना दो लाख से भी अधिक गांवों से दूध एकत्रित करके डेयरियों में पहुंचाया जाता है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक भी दूध बेचने का काम करते हैं।

इसी दूध के बाजार को अमेरिका हड़पना चाहता है। जबकि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुछ माह पहले ही दस हजार नई कृषि सहकारी समितियों को हरी झंडी दिखाई है। अगले पांच साल में इनकी संख्या दो लाख तक पहुंचाने की है। इन्हीं सहकारी संस्थाओं के जरिए कृषि और दुग्ध उत्पादों को भारत से लेकर एशिया और यूरोप तक बाजार में पहुंचाने की है। ऐसे में यदि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दिए जाते हैं तो इन समितियों की मुश्किलें तो बढेंगी ही, दुग्ध उत्पादक आठ करोड़ दूधियों की आजीविका पर भी संकट के बादल गहरा जाएंगे।

–लेखक/पत्रकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 अगस्त, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष दशमी, 11:39 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 09:04 तक, योग : ब्रह्मा, 06:54 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 14:19, चन्द्रास्त: 00:12, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 06:50 से 08:27

## राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र में आपको अपने छोटे–छोटे कार्यों को पूरा करने के लिए उन लोगों की सहायता की जरूरत पड़ सकती है, जो आपके विरोध में खड़े रहते हैं।

**वृष :** आपको कार्यक्षेत्र में कुछ मुश्किलों और बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर एक साथ कई काम करने पड़ सकते हैं।

**मिथुन :** आपका दिन मिलाजुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामकाज सही गति से चलेगा और आपके ऊपर से काम का प्रेशर भी थोड़ा कम होगा। परिवार में माहौल सामान्य बना रहेगा।

**कर्क :** आपको कार्यक्षेत्र में एक साथ कई सारे काम करने पड़ सकते हैं। इसी के चलते ज्यादा व्यस्त रहेंगे और भागदौड़ में लगे रहेंगे। व्यापार के मामले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**सिंह :** व्यापार के मामले में आपका दिन भागदौड़ भरा रह सकता है और एक साथ कई काम पूरे करने पड़ सकते हैं। व्यापार में सकारात्मक दृष्टिकोण रखकर आगे बढ़ने से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**कन्या :** व्यापार के मामले में आपका दिन ज्यादा अच्छा नहीं रहने वाला है। आपको कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में कोई भी फैसला सोच–समझकर लेना बेहतर होगा।

**तुला :** कार्यक्षेत्र में काम धंधा सामान्य गति से चलेगा। लेकिन कोई भी जोखिम भरा कार्य करने या निर्णय लेने से बचना होगा। नौकरी करने वालों को किसी काम में सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक :** आपको जीवन में कुछ बदलावों का सामना करना पड़ सकता है और कई उतार–चढ़ाव का अनुभव भी करेंगे। कार्यस्थल पर आपको कुछ विरोधियों का सामना भी करना पड़ सकता है।

**धनु :** दिन अच्छा रहने वाला है और आर्थिक मामलों में भी समय अनुकूल होगा। कहीं से धन लाभ हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वाले लोग अपने काम में व्यस्त रहेंगे।

**मकर :** अपने करियर के बारे में गहराई से सोच सकते हैं और कारोबार को आगे बढ़ाने की योजनाएं भी बनाई जा सकती हैं। नौकरी करने वालों को अच्छे काम का पुरस्कार प्राप्त हो सकता है।

**कुम्भ :** कार्यक्षेत्र में विवाद उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में आपको शांति और संयम बनाए रखना होगा। परिवार में चल रही समस्याओं को शांति बैठकर सुलझाना होगा।

**मीन :** कार्यक्षेत्र में आपका दिन शुभ रहेगा और आपके मान–सम्मान में भी वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। समय का साथ मिलने से आपके लिए सफलता के नए दरवाजे भी खुलेंगे।

## विदेश की खबरें

### यूक्रेनी ड्रोन हमले से सोची के पास रूसी तेल डिपो में लगी भीषण आग

**मॉस्को :** रूस के काला सागर स्थित रिसॉर्ट सोची के निकट एक तेल डिपो पर यूक्रेन के ड्रोन हमले से भीषण आग लग गई। रूसी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंड्राटयेव ने 'टेलीग्राम' पर बताया कि एक ड्रोन का मलबा गिरने से ईंधन टैंक में भीषण आग लग गयी, जिसे बुझाने के लिए 120 से अधिक दमकलकर्मी जुट गये। सोशल मीडिया पर सामने आए इस घटना के वीडियो में तेल डिपो के ऊपर से धुएं के विशाल गुबार उठते दिखाई दिए। रूस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण, रोसावियात्सिया ने सोची हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन अस्थायी रूप से रोक दिया है। वोरोनिश क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रविवार रात तक रूस और काला सागर के ऊपर से 93 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। इस बीच, दक्षिणी यूक्रेन में माइकोलाइव शहर के एक आवासीय क्षेत्र पर रूस ने मिसाइल से हमला हुआ, जिसमें सात लोग घायल हो गए।

### सीरिया में ताज़ा झड़पें शुरू

**बेरूत :** सीरिया में शनिवार रात से रविवार सुबह तक दो अलग–अलग स्थानों पर फिर हिंसक संघर्ष देखने को मिला, जिससे कमजोर पड़ रहे संघर्षविराम पर दबाव बढ़ा है और अंतरिम सरकार की पूरे देश में अपना नियंत्रण स्थापित करने की क्षमता पर सवाल उठने लगे।

उत्तर में, सरकार से संबद्ध लड़ाकों ने कुर्द नेतृत्व वाला बलों का सामना किया। कुर्द बलों ने क्षेत्र के अधिकांश हिस्से पर कब्जा किया हुआ है जबकि दक्षिणी प्रांत सुवेदा में उनकी झड़प दरोज़ सशस्त्र समूहों से हुई। संघर्ष ऐसे वक्त हुआ है जब सीरिया की अंतरिम सरकार सुवेदा प्रांत में दरोज़ गुट के साथ पिछले महीने हुए संघर्ष विराम को बनाए रखने की कोशिश कर रही है। वहीं अमेरिका समर्थित, कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई डेमोक्रेटिक बलों (एसडीएफ) के साथ एक समझौते को लागू करने की कोशिश भी कर रही है। सरकारी टेलीविजन ने कहा कि शनिवार को दक्षिणी प्रांत सुवेदा में सरकारी बलों और दरोज़ धार्मिक अल्पसंख्यक मिलिशिया के बीच झड़पें हुईं, और यह संघर्ष तब शुरू हुआ जब दरोज़ गुटों ने सीरियाई सुरक्षा बलों पर हमला किया, जिसमें कम से कम एक सदस्य मारा गया। सरकारी चैनल 'अलीखबरिया' ने एक अज्ञात सुरक्षा अधिकारी के हवाले से कहा कि संघर्ष विराम तोड़ा गया है।

### इजराइली सेना की गोलीबारी में कम से कम 23 फलस्तीनियों की मौत: प्रत्यक्षदर्शी

**दीर अल–बलाह (गाजा पट्टी) :** गाजा पट्टी में रविवार को खाने की तलाश में एक राशन वितरण स्थल पर जुटे फलस्तीनियों पर इजराइल के सैनिकों ने गोलियां बरसा दीं जिसमें कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। अस्पताल के अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। भीड़ के साथ के राशन वितरण स्थल पर गए यूसुफ आबेद ने बताया कि लोगों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दी गईं। उन्होंने बताया कि उनके आसपास खून से लथपथ तीन लोग जमीन पर पड़े थे। उन्होंने कहा, 'भीषण गोलीबारी की वजह से मैं उनकी मदद नहीं कर सका।' दक्षिणी गाजा के नासेर अस्पताल के प्रबंधन ने बताया कि उन्हें कई राशन वितरण स्थलों के पास से शव बरामद हुए हैं जिनमें आठ शव तैना इलाके से मिले। इसने बताया कि एक शव शाकूश से बरामद किया गया। अस्पताल प्रबंधन ने यह भी बताया कि मोराग कॉरिडोर के पास भी इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में नौ लोगों की मौत हो गई। ये लोग इजराइल की सीमा से गाजा में आने वाले ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। इसने बताया कि कम से कम 23 लोगों की मौत की सूचना है।

## वर्ग पहेली नं. 3173



ऊपर से नीचे :- 1) प्रभावी, 2) अपक्व, 3) गाढ़ी बासौंधी, 4) सूर्य, 5) ग़ैरक़ानूनी, 6) आश्रम, 9) भूख मिटाना, 11) खून, 12) घुँघरू, 14) रखवाली, 15) अकस्मात्, 17) शराब, 19) होश-हवाश, 20) नहीं, 22) क्षण, 23) पराधीन, 24) प्रेमिका, 26) डरपोक, 28) मित्र, 30) आकाशी.

(उत्तर: अगले अंक में)

बायें से दायें :- 1) अचूक (औषध), 5) भारत का एक घटक राज्य, 7) खरा; असली, 8) असभ्य एवं जंगली, 9) समुद्र का जमीन पर फैला हुआ पानी, 10) वर्षामेघ, 13) बाँयाँ का उलटा, 16) बड़ा, 18) ख़ारिज, 19) चाल-चलन, 20) मध्यम, 21) नाश्ता, 23) छरहरा; सँकरा; कृश, 24) रोना पीटना, 25) एक हिंदी संतकवि, 27) हाँ, 29) वर्ज्य, 31) नियंत्रण; स्वामित्व, 32) छानबीन; जाँच-पड़ताल, 33) थूक.

पिछली पहेली का उत्तर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रा | ह | नी | य | ■ | स | ल | ह | ज |
| भा | ■ | ट | ■ | था | ■ | ह | ■ | स | स्ता |
| स | प | ना | ■ | व | ज़ | न | दा | र | ■ |
| द | र | ■ | अं | त | ■ | शी | ■ | त | र |
| ■ | दा | ■ | त | ■ | आ | ल | म | ■ | स |
| क | पो | ल | क | ल्पि | त | ■ | क | री | म |
| म | श | क | ■ | ■ | प | प | ड़ी | ■ | ला |
| सि | ■ | वा | जि | ब | ■ | ना | ■ | खा | ई |
| न | ही | ■ | न | म | क | ह | ला | ल | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3130

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 7 | | | |
| | 9 | 6 | 5 | | | | | |
| | | | 3 | | | 2 | | |
| 4 | | | | 8 | | | | |
| | 7 | 9 | | 4 | | | | 1 |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | | 2 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3129 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 8 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 | 3 | 9 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 |

# दिल्ली पुलिस का 'बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा' शब्द भाजपा की बंगाल को बदनाम करने की कोशिश : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा**



तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को दावा किया कि विदेशी अधिनियम के तहत एक मामले की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के एक कथित पत्र में लिखा गया 'बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा' शब्द भाजपा द्वारा 'बंगाल को बदनाम' करने का एक सोचा-समझा प्रयास है। अभिषेक बनर्जी ने कथित पत्र अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट करते हुए दावा किया कि भाजपा शासित राज्यों में कई महीनों से बांग्ला भाषी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, परेशान किया जा रहा है और हिरासत में लिया जा रहा है। अब, एक चौंकाने वाली बात सामने आयी है कि दिल्ली पुलिस ने एक आधिकारिक पत्र में बांग्ला को आधिकारिक तौर पर 'बांग्लादेशी भाषा' बताया है। तृणमूल सांसद ने कहा कि यह महज एक लिपिकीय त्रुटि नहीं है और आरोप लगाया कि यह भाजपा द्वारा बंगाल को बदनाम करने, हमारी सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने और संकीर्ण राजनीतिक प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश के बराबर बताने का एक और सोचा-समझा प्रयास है। उन्होंने दावा किया कि यह संविधान के अनुच्छेद 343 और आठवीं अनुसूची का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि बांग्लादेशी नाम की कोई भाषा नहीं है। अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि बांग्ला को विदेशी भाषा कहना न केवल अपमान है, बल्कि यह हमारी पहचान, संस्कृति और अपनेपन पर हमला है। बंगाली अपनी ही मातृभूमि में बाहरी नहीं हैं। तृणमूल महासचिव ने आरोप लगाया कि यही कारण है कि हम भाजपा को बांग्ला विरोधी और जमींदार कहते हैं। वे भारत की विविधता का सम्मान नहीं करते। वे विभाजन पर निर्भर हैं। अभिषेक बनर्जी ने दिल्ली पुलिस के अधिकारी के निलंबन की मांग की। उन्होंने लिखा कि हम जांच अधिकारी अमित दत्त को तत्काल निलंबित करने और दिल्ली पुलिस, भाजपा और अमित शाह के नेतृत्व वाले गृह मंत्रालय से औपचारिक सार्वजनिक माफी की मांग करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 'बांग्ला और बंगाली भारतीय हैं' और 'बांग्ला हमारा गौरव है। हम अपनी पहचान को कुचलने नहीं देंगे।

# डिवोर्स के बाद भी बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र से नहीं हटेगा पिता का नाम : स्वास्थ्य विभाग की नई गाइडलाइन

**कोलकाता, संवाददाता**



स्वास्थ्य विभाग ने जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र में बदलाव को लेकर सख्त निर्देशिका जारी की है। अब से कोई भी व्यक्ति मनचाहे ढंग से जन्म या मृत्यु प्रमाणपत्र में संशोधन नहीं कर पाएगा। बदलाव की अनुमति केवल स्थानीय रजिस्ट्रार के निर्णय पर आधारित होगी और वही निर्णय अंतिम माना जाएगा।

नई निर्देशिका के मुताबिक, सिर्फ टाइपिंग मिस्टेक – जैसे नाम या जन्मतिथि की वर्तनी की त्रुटि, जन्मस्थान से जुड़ी मामूली गलतियों को ही सुधारा जा सकता है।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि अगर किसी दंपति का तलाक हो जाए, तब भी बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र से पिता का नाम हटाया नहीं जा सकता। यहां तक कि अगर महिला दूसरी शादी करती है, तब भी नए पति का नाम बच्चे के पिता के रूप में शामिल नहीं किया जा सकेगा। एक बार जो नाम जन्म प्रमाणपत्र में पिता के रूप में दर्ज हो गया, वह कभी बदला नहीं जा सकता।

यह कदम बच्चों के स्कूल दाखिले और कानूनी दस्तावेजों में भविष्य की किसी जटिलता से बचने के लिए उठाया गया है।

रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ्स एंड डेथ्स एक्ट, 1969 के अनुसार, जन्म तिथि, पिता का नाम, या नाम का पूर्ण बदलाव जैसे किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं है, क्योंकि इससे कानूनी उलझनें पैदा हो सकती हैं।

अगर कोई व्यक्ति जन्म की तारीख या स्थान बदलवाना चाहता है, तो रजिस्ट्रार को ऐसी कोई अर्जी स्वीकार नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह के संशोधन के लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड अनिवार्य होंगे।

सरनेम बदलवाने के लिए आवेदक को फर्स्ट क्लास जुडिशियल मजिस्ट्रेट के समक्ष एफिडेविट जमा करना होगा और स्कूल एडमिशन सर्टिफिकेट भी देना होगा।

यह दिशा-निर्देश राज्य के सभी रजिस्ट्रारों को भेजे जा चुके हैं।

# शुभेंदु के तय कार्यक्रम के दिन रैली करेगी तृणमूल, राजनीतिक तकरार के आसार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कूचबिहार में आगामी अगस्त को सियासी टकराव के आसार बढ़ते नजर आ रहे हैं। राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वह कूचबिहार शहर में एक साथ 19 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। ये सभी कार्यक्रम राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की पहले से तय रैली के समय और दिन ही आयोजित किए जाएंगे। तृणमूल के जिला नेतृत्व द्वारा घोषित इन कार्यक्रमों को इस तरह से समायोजित किया गया है कि शुभेंदु अधिकारी की रैली को चारों ओर से घेर लिया जाएगा। इससे शहर में तनाव और संभावित टकराव की आशंका जताई जा रही है। बता दें कि शुभेंदु अधिकारी ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि वह पांच अगस्त को अपने 65 विधायकों के साथ कूचबिहार में मार्च करेंगे और जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर एक ज्ञापन सौंपेंगे। यह मार्च हाल ही में जिले में भाजपा प्रतिनिधियों पर हुए कथित हमलों के विरोध में आयोजित हो रहा है। तृणमूल का यह कदम जुलाई 21 को सिलीगुड़ी में आयोजित शुभेंदु अधिकारी की रैली के जवाब में उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि उस दिन कोलकाता में तृणमूल की वार्षिक 'शहीद दिवस' रैली थी, और अधिकारी ने ठीक उसी समय अलग शहर में महिला अपराध के मुद्दे पर रैली की थी। तृणमूल ने तब आरोप लगाया था कि भाजपा ने जानबूझकर एक साथ कार्यक्रम रखकर मीडिया और जनता का ध्यान बंटाने की कोशिश की।

# 'क्या हमें न्याय मिलेगा?', आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले की पीड़िता के माता-पिता ने पूछा

## पीड़िता के माता-पिता 9 अगस्त को करेंगे विरोध प्रदर्शन, विपक्षी दलों से शामिल होने की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के लगभग एक साल बाद चिकित्सक के शोकाकुल माता-पिता के जख्म समय के साथ गहरे होते जा रहे हैं और वे न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। चिकित्सक के पिता ने कहा कि अब उनकी एकमात्र उम्मीद न्यायपालिका पर टिकी है। महिला चिकित्सक के पिता ने कहा कि पुलिस और सीबीआई पर से हमारा भरोसा पूरी तरह से उठ गया है। सीबीआई राजनीतिक या अन्य कारणों से समझौता कर चुकी है, यह तो वही जानती है। सीबीआई वही बात दोहरा



रही है, जो कोलकाता पुलिस कह रही थी। महिला के पिता ने कहा कि यह सिर्फ एक हत्या की बात नहीं थी, यह एक संदेश था कि सबसे प्रतिभाशाली महिलाएं भी सुरक्षित नहीं हैं, यहां तक कि अस्पताल के अंदर भी नहीं। चिकित्सक की मां ने कहा कि पहले दिन से ही हम कह रहे थे कि एक से ज्यादा लोग थे। वह ताकतवर लड़की थी। ऐसा हो ही नहीं सकता कि इतनी सुरक्षित इमारत में सिर्फ एक व्यक्ति ने ऐसा किया हो। शुरुआत में जो भी बातें छिपाई गईं, वे किसी बड़ी साठगांठ की ओर इशारा करती हैं। चिकित्सक के पिता ने सबूत मिटाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उस दिन श्मशान घाट में तीन शव थे। फिर भी हमारी बेटी का शव पहले जला दिया गया। इतनी जल्दबाजी क्यों? सबूत मिटाने के लिए ऐसा किया गया। चिकित्सक के पिता ने कहा कि हमने सीबीआई पर भरोसा करके मूर्खता की। उन्होंने वही दोहराया जो कोलकाता पुलिस ने उन्हें बताया था। कोई नया नाम नहीं, कोई नई गिरफ्तारी नहीं, कोई जवाबदेही नहीं। उन्होंने कहा कि यही बात आपको बताती है कि सीबीआई इसे कितनी गंभीरता से ले रही है, वे समय पर आरोपपत्र भी दाखिल नहीं कर सके। अब वे दावा कर रहे हैं कि वे एक 'बड़ी साजिश' की जांच कर रहे हैं। लेकिन हमें इस बात पर ही संदेह है कि वे कभी पूरक आरोपपत्र दाखिल करेंगे। चिकित्सक के पिता ने कहा कि अब हमारी एकमात्र उम्मीद न्यायपालिका पर टिकी है, हमें विश्वास है कि वह हमें निराश नहीं करेगी।

### बजबज में आवास योजना विवाद के चलते चाचा ने की भतीजे की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बजबज जमालपुर में आवास योजना के तहत घर निर्माण को लेकर विवाद में एक व्यक्ति ने अपने भतीजे की हत्या कर दी। मृतक का नाम देवाशीष खां(36) है। पुलिस ने आरोपी चाचा मानिक खां और उसके बेटे आशीश को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक देवाशीष और चाचा मानिक खां एक ही घर में रहते थे। देवाशीष ने बांग्ला आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए आवेदन किया था, जो मंजूर भी हो गया। घर का निर्माण चाचा के घर के पास की जमीन पर शुरू हुआ था। इसके बाद से दोनों परिवारों के बीच विवाद चल रहा था। शनिवार को छत की ढलाई को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था, जिसमें चाचा के परिवार के सदस्यों ने छत के कार्निश के बढ़ने को लेकर आपत्ति जताई थी। रविवार की सुबह देवाशीष पर चाचा और उसके बेटे पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल देवाशीष को स्थानीय लोग अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अन्य फरार आरोपी को तलाश रही है।

# बांग्लादेश भेजे जाने के डर से वृद्ध ने की आत्महत्या

## घटनास्थल से मिला सुसाइड नोट, परिवार के सदस्यों से मिले राज्य के मंत्री

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के रीजेंट पार्क थाना इलाके में रविवार की सुबह एक व्यक्ति अपने घर में फंदे से लटका हुआ पाया गया। उसके परिवार का दावा है कि वह इस डर में जी रहा था कि अगर राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू हुआ तो उसे बांग्लादेश भेज दिया जाएगा। मृतक की पहचान दिलीप कुमार साहा (63) के रूप में की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि मृतक दिलीप कुमार साहा 1972 में ढाका के नवाबगंज से कोलकाता आया था और रीजेंट पार्क इलाके के आनंदपल्ली पश्चिम में रह रहा था। साहा दक्षिण कोलकाता के ढाकुरिया स्थित एक निजी स्कूल में गैर-



शिक्षण कर्मचारी के रूप में काम करता था। अधिकारी ने कहा कि इस दिन, सुबह में उसकी पत्नी ने उसे कई बार फोन किया, लेकिन उसके बंद कमरे से कोई जवाब नहीं मिला। फिर उसने पड़ोस के घर से अपनी भतीजी को बुलाया। उन्होंने दरवाजा तोड़ा तो उसे पंखे से लटका हुआ पाया। मृतक की पत्नी आरती साहा ने कहा कि उसके पति को चिंता थी कि एनआरसी लागू होने के बाद उन्हें बांग्लादेश भेज दिया जाएगा। आरती ने कहा कि वह इस बात को लेकर काफी समय से गहरे तनाव में थे। उन्हें और कोई टेंशन नहीं थी। वह बचपन में ही कोलकाता आ गए थे। उन्हें डर था कि उन्हे डिटेंशन कैंप भेज दिया जाएगा और फिर वापस बांग्लादेश भेज दिया जाएगा, जहां उनका कोई नहीं है। उनके पास वैध मतदाता पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदेह है कि इसी डर के चलते उन्होंने अपनी जान दे दी। उन्होंने यह भी बताया कि कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं, ऊर्जा मंत्री और स्थानीय तृणमूल कांग्रेस विधायक अरूप बिस्वास घटनास्थल पर पहुंचे और परिवार के सदस्यों से बात की।

# साधु वेश में छिपा बांग्लादेशी अपराधी एसटीएफ के हत्थे चढ़ा

**कोलकाता :** नदिया के तेहट्टा क्षेत्र में एक कुख्यात बांग्लादेशी दुष्कर्मी को एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मोहम्मद हसीम मल्लिक उर्फ हसीम अली मल्लिक (60) ने साधु का वेश धारण कर तेहट्टा के बालीउड़ा पूर्वपाड़ा इलाके में अपने आप को छुपा रखा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोहम्मद हसीम बांग्लादेश में कई गंभीर अपराधों में संलिप्त था। उसे पकड़ने के लिए एसटीएफ के उप निरीक्षक मोहम्मद अब्दुन नूर चौधुरी द्वारा दर्ज शिकायत के आधार पर जांच शुरू की गई। गुप्त सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाकर उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से भारतीय पहचान पत्र मांगा गया, लेकिन वह आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रारंभिक पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेश में अपराधों के मामले से बचने के लिए भारत आया था और उसने नकली दस्तावेज बनाए थे। एसटीएफ ने आरोपी को तेहट्ट महकुमा न्यायालय में पेश कर अपनी हिरासत में लेने की मांग की है। पुलिस द्वारा इस मामले की गहन जांच की जा रही है।



### तृणमूल सांसद कीर्ति आजाद ने ईसीएल भ्रष्टाचार को लेकर लिखी शिकायत वापस ली

**कोलकाता/बर्दवान :** तृणमूल कांग्रेस के दुर्गापुर सांसद कीर्ति आजाद ने ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) में कथित भ्रष्टाचार को लेकर अपनी ही पार्टी के कुछ नेताओं के खिलाफ केंद्रीय कोयला मंत्री को भेजी गई शिकायत को वापस ले लिया है। इस घटनाक्रम ने न केवल चर्चाओं को जन्म दिया है, बल्कि तृणमूल की आंतरिक राजनीति पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कीर्ति आजाद ने हाल ही में केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी को एक पत्र लिखकर ईसीएल में पार्टी संगठन के एक धड़े पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए ईडी और सीबीआई जांच की मांग की थी। हालांकि, इस पत्र के सार्वजनिक होते ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई। इसके बाद, कीर्ति आजाद ने एक और पत्र दो अगस्त को जारी कर अपनी पहली चिट्ठी को वापस लेते हुए कहा है कि मेरे पूर्व पत्र में कुछ तथ्यात्मक त्रुटियां थीं, अतः अनुरोध है कि उस पत्र को अमान्य माना जाए।

**Name Change**

I, SRI SURAJ SINGHANIA, SON of SRI SAJAN KUMAR SINGHANIA, residing at FLAT NO.11 D, ACHARYA MAHAPRAGYA MAHASHRAMAN EDUCATION & RESEARCH FOUNDATION JODTHBHIM, NEWTOWN, ,P.O-NEW TOWN AND Police Station- TECHNOCITY and District – NORTH 24 PARGANAS-700156 have changed my name to SURAJJ SINGHANIA vide affidavit dated 29.07.2025 sworn in the Court of 1ST CLASS EXECUTIVE MAGISTRATE AT HOWRAH For all purpose.

I, SMT ASHA SINGHANIA, WIFE of SRI SURAJ SINGHANIA, residing at FLAT NO.11 D, ACHARYA MAHAPRAGYA MAHASHRAMAN EDUCATION & RESEARCH FOUNDATION JODTHBHIM, NEWTOWN, ,P.O-NEW TOWN AND Police Station- TECHNOCITY and District – NORTH 24 PARGANAS-700156 have changed my name to AASHA SINGHANIA vide affidavit dated 29.07.2025 sworn in the Court of 1ST CLASS EXECUTIVE MAGISTRATE AT HOWRAH For all purpose.

# 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप का नाम बदला गया, अब होगा 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो रेल ने यात्रियों को एक बड़ी सूचना देते हुए बताया है कि अब से 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप का नाम बदलकर 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप कर दिया गया है। यह परिवर्तन एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्मों पर क्रमिक रूप से लागू किया जा रहा है। जो यात्री पहले से इस ऐप को डाउनलोड कर चुके हैं, उनसे अनुरोध किया गया है कि वे इसे अपडेट कर लें।

मेट्रो प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि ऐप का सिर्फ नाम बदला गया है, इसकी सभी सुविधाएं पहले की तरह चालू रहेंगी।

गौरतलब है कि अब तक 12.3 लाख एंड्रॉइड यूज़र्स और 76,000 से अधिक आईओएस यूज़र्स इस ऐप को डाउनलोड कर सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं। ये आंकड़े इस



ऐप की लोकप्रियता और उपयोगिता को दर्शाते हैं। मेट्रो कर्मी भी विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों को ऐप डाउनलोड करने में मदद कर रहे हैं और इसके उपयोग की प्रक्रिया समझा रहे हैं।

यात्रियों से डिजिटल लेनदेन को अपनाने और मेट्रो स्टेशन पहुंचने से पहले ऑनलाइन टिकट खरीदने का अनुरोध किया गया है ताकि विशेषकर पीक ऑवर्स में बुकिंग काउंटरों पर लंबी कतारों से बचा जा सके।

# मां के साथ बर्तन खरीदने गई नाबालिग से यौन उत्पीड़न, आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मां के साथ बर्तन खरीदने गई सात साल की एक नाबालिग बच्ची से यौन उत्पीड़न किया गया। यह चौंकाने वाली घटना उत्तर 24 परगना के गोबरडांगा थाना अंतर्गत मसलंदपुर चौकी से सटे इलाके में हुई। पुलिस ने आरोपी दुकान कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम बिपुलकांति महाजन है। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के अनुसार, नाबालिग बच्ची उत्तर 24 परगना के मसलंदपुर की रहने वाली है। वह अपनी मां के साथ थाने से सटे बर्तन की दुकान पर गई थी। आरोप है कि सामान खरीदते समय दुकान का एक



कर्मचारी नाबालिग बच्ची को मूर्तियां दिखाने के बहाने दूसरी मंजिल पर ले गया। कुछ देर बाद भी नाबालिग वापस नहीं लौटी। महिला को शक हुआ। फिर, वह खुद दुकान की दूसरी मंजिल पर पहुंची। वहां जाकर देखा तो बच्ची रो रही थी। इसके बाद, जब उस पर दबाव डाला गया तो पीड़िता ने बताया कि दुकान कर्मचारी बिपुलकांति महाजन ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया है। पीड़िता की मां और परिवार के सदस्य तुरंत थाने पहुंचे। शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांचकर्ताओं ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का शारीरिक परीक्षण कराया जाएगा। पीड़िता के परिजन आरोपी को कड़ी से कड़ी सज़ा देने की मांग कर रहे हैं। इस पूरी घटना से नाबालिग बेहद डरी हुई है।

### अस्पतालों में 622 असिस्टेंट प्रोफेसरों की होगी नियुक्ति

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य भर के अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को लेकर हंगामा कम नहीं हुआ है। वर्तमान में, कार्यरत डॉक्टरों की लगातार शिफ्ट बदलना भी विवाद का कारण रहा है। आरजी कर आंदोलन से लेकर डॉक्टरों की भर्ती पर लब समय से लगी रोक को लेकर आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टर कई बार अपना गुस्सा जाहिर कर चुके हैं। आखिरकार, स्वास्थ्य विभाग ने रिक्त पदों पर डॉक्टरों की भर्ती की पहल की है। स्वास्थ्य विभाग ने 622 असिस्टेंट प्रोफेसर पदों पर भर्ती की घोषणा की है। स्वास्थ्य भर्ती बोर्ड को अधिसूचना प्रकाशित करने का निर्देश भी दिया गया है। उसमें लिखा है कि पूरी भर्ती प्रक्रिया पश्चिम बंगाल चिकित्सा शिक्षा सेवा के अंतर्गत की जाएगी। 622 असिस्टेंट प्रोफसरों की भर्ती करनी होगी।

**शिव पार्वती जन-कल्याण समिति**

252/1 डी, ए. पी. सी. रोड, कोलकाता-700 006

पंजीकृत संख्या-एस 37341/82-83, फोन-6290088784

**सूचना**

आदरणीय सदस्यों एवं सदस्याओं को सूचित किया जा रहा है कि समिति का 43वां, वार्षिक साधारण सभा दिनांक 24 अगस्त 2025 दिन रविवार को **'महाजाति सदन'** 166, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700007 में सुबह 9 बजे से अपराह्न 1 बजे तक अनुष्ठित किया जायेगा। अत: आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**विशेष द्रष्टव्य :** सभी सदस्यों एवं सदस्याओं से अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 एवं 2026-2027 की कार्यकारिणी में जो आने के इच्छुक हैं अपना नामांकन पत्र 12 अगस्त 2025 दिन मंगलवार संध्या 7 बजे तक समिति के कार्यालय में अवश्य जमा कर दें।

**निवेदक :**

| श्री रामचंद्र जायसवाल | श्री राजेश कुमार जायसवाल | श्री कुन्दन कुमार जायसवाल |
|---|---|---|
| *अध्यक्ष* | *सचिव* | *कोषाध्यक्ष* |

# अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों और रोहिंग्या के कारण भारतीय नागरिकों की आजीविका छिन रही : भाजपा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा ने रविवार को दावा किया कि अन्य राज्यों में काम कर रहे पश्चिम बंगाल के निवासियों को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों और कुछ मामलों में रोहिंग्या द्वारा उनकी आजीविका से वंचित किया जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि भारतीय मुसलमानों और बांग्लादेश से उत्पीड़न के कारण देश में आए हिंदुओं को तब तक चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, जब तक भाजपा यहां है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को डर है कि यदि बंगाल में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया गया तो निर्वाचन आयोग फर्जी मतदाताओं की पहचान कर लेगा। भाजपा नेता ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अन्य राज्यों में काम कर



रहे बंगाल के वास्तविक भारतीय नागरिकों की आजीविका अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों और कुछ मामलों में रोहिंग्या द्वारा छीनी जा रही है। भट्टाचार्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भी अवैध मतदाताओं की पहचान उसी तरह की जाएगी जैसे बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान की गई।

उन्होंने कहा कि बंगाल में एसआईआर होने के संकेत मात्र से ही इतना डर पैदा हो गया है, तो कल्पना कीजिए कि जब यह कवायद वास्तव में होगी तो क्या होगा। भाजपा नेता ने कहा कि पश्चिम बंगाल के सामने सबसे बड़ी समस्या 'कट्टरपंथ' के प्रसार की है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल का पश्चिम बंगाल के कुछ सीमावर्ती जिलों पर भी असर पड़ा है। भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार ने बताया है कि देश में कुछ प्रतिबंधित संगठन सक्रिय हो रहे हैं, जिनमें उत्तर बंगाल का एक जिला केंद्र बिंदु है।

उन्होंने दावा किया कि यह निश्चित रूप से हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक है और राज्य में इससे समझौता किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए इस मुद्दे पर, कई भाजपा शासित और गैर-भाजपा शासित राज्यों ने पश्चिम बंगाल के प्रवासी मज़दूरों की पहचान की जांच शुरू कर दी है। भाजपा नेता ने कहा कि ऐसी जांच के दौरान पकड़े गए लोगों ने बांग्लादेशी होने और यहां फर्जी पहचान पत्र बनवाने की बात स्वीकार की है।बांग्लादेश की भाषा बोलने वालों के संदर्भ में दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए भाजपा नेता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बोली और लिखी जाने वाली बांग्ला भाषा और बांग्लादेश की भाषा में स्पष्ट अंतर है। भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया जा रहा है और राज्य पुलिस द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये कोई छिटपुट घटनाएं नहीं हैं। ये पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी कार्यकर्ताओं पर भी हमले हो रहे हैं और पार्टी के भीतर गुटीय झड़पों के कारण हत्या की घटनाएं भी हो रही हैं।

उन्होंने दावा किया कि इनमें से कई पीड़ित परिवारों ने अपनी शुरुआती प्रतिक्रियाओं में ऐसी घटनाओं की सीबीआई जांच की मांग की है क्योंकि उन्हें राज्य की मौजूदा सरकार पर भरोसा नहीं है। भट्टाचार्य ने कहा कि कीर्ति आजाद ने 23 जुलाई को अवैध खनन की सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच की मांग की थी लेकिन 2 अगस्त को उन्होंने अपनी मांग वापस ले ली। भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा सीबीआई और ईडी जांच की मांग को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी सांसद सोमवार को केंद्रीय खनन मंत्री जी किशन रेड्डी से मिलकर उनसे उचित कदम उठाने का आग्रह करेंगे।



# राज्य के उत्तरी क्षेत्र में भारी बारिश के कारण तीस्ता, जलढाका नदियां उफान पर



भारी बारिश के बीच कुम्हारटोली में मां दुर्गा की मूर्ति को आकार देने में जुटे कुम्हार

**कोलकाता/जलपाईगुड़ी :** राज्य के उत्तरी क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण तीस्ता और जलढाका सहित नदियां उफान पर हैं, जिससे निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं और सिक्किम तथा कलिम्पोंग से सड़क संपर्क प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने क्षेत्र में बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि राज्य के उप-हिमालयी जिलों में मंगलवार सुबह तक बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है।



एक अधिकारी ने बताया कि रातभर हुई भारी बारिश के कारण तारखोला में भूस्खलन हुआ, जिससे सिक्किम को सिलीगुड़ी से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई। उन्होंने बताया कि छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा गया है, जबकि भारी वाहनों की आवाजाही को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। जलपाईगुड़ी शहर के बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार, तीस्ता नदी के आसपास के क्षेत्र दोमोहानी और मेखलीगंज तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के पास 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। यहां लगातार बारिश के कारण कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, रविवार सुबह 8.30 बजे तक 24 घंटे में राज्य में सबसे अधिक जलपाईगुड़ी में 159 मिमी बारिश हुई, जबकि पड़ोसी अलीपुरद्वार में 152 मिमी बारिश हुई। आईएमडी ने कहा कि कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में मंगलवार सुबह तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## पुरुलिया में गाड़ी की टक्कर से तीन मवेशियों की मौत

**पुरुलिया :** जिले के रघुनाथपुर में बड़ा काली मंदिर के सामने एक गाड़ी की टक्कर से तीन मवेशियों की मौत हो गई और एक दुकान का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुरुलिया-बराकर राज्य राजमार्ग पर रविवार की सुबह एक गाड़ी पुरुलिया से बाराकर जा रही थी। बीच सड़क पर अचानक गाड़ी का नियंत्रण बिगड़ गया और वह सड़क पर तीन मवेशियों से टकराकर बड़ा काली मंदिर के सामने एक खाने-पीने की दुकान में जा घुसी। खबर मिलते ही रघुनाथपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस गाड़ी को अपने साथ थाने ले गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर मवेशियों के खुलेआम घूमने से अक्सर हादसे होते रहते हैं। पुलिस गाड़ी चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## नवग्राम में पुलिस अभियान के दौरान होमगार्ड की मौत



**मुर्शिदाबाद :** जिले के नवग्राम थाना क्षेत्र में कर्तव्य पालन के दौरान एक होमगार्ड की मौत हो गई। घटना शनिवार की रात की है, जब नवग्राम थाना अंतर्गत एक तालाब के पास असामाजिक गतिविधियों की सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंचा थी। उसी टीम में होमगार्ड बिष्णुजीब भी शामिल थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस गश्ती टीम को खबर मिली कि तालाब के पास कुछ लोग संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत वहां पहुंची और आरोपितों को पकड़ने की कोशिश की। इसी दौरान होमगार्ड बिष्णुजीब फिसलकर तालाब के किनारे गिर पड़े। दुर्भाग्यवश उनका सिर वहीं पड़ी एक बोल्डर (पत्थर) से टकरा गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद साथी पुलिस कर्मियों ने उन्हें तत्काल मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के बाद रात में ही उन्हें एक अन्य सरकारी अस्पताल में रेफर किया गया। हालांकि तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और उनकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि होमगार्ड बिष्णुजीब ड्यूटी के प्रति बेहद समर्पित थे और हमेशा मुस्तैदी से अपने कार्यो का निर्वहन करते थे।

## बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के दौरे पर गए भाजपा विधायक को करना पड़ा विरोध का सामना

**कोलकाता, समाज्ञा :** बनगांव नगरपालिका के बाढ़ग्रस्त इलाकों के निरीक्षण के दौरान भाजपा विधायक अशोक कीर्तनिया को एक बार फिर स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। रविवार को वे वार्ड 21 के ढाका पाड़ा क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे, जहां कथित तौर पर स्थानीय पार्षद के समर्थकों ने उन्हें घेरकर नाराजगी जताई। इससे पहले, कुछ दिन पूर्व विधायक अशोक कीर्तनिया वार्ड 14 के सुभाषपल्ली मठपाड़ा इलाके में बाढ़ की स्थिति का जायज़ा लेने गए थे। उस समय भी तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने, स्थानीय पार्षद पपई राहा की मौजूदगी में, उनका विरोध किया था। रविवार को ढाका पाड़ा दौरे के दौरान भी हालात कुछ ऐसे ही रहे। अशोक कीर्तनिया ने आरोप लगाया कि



स्थानीय पार्षद के समर्थकों ने जानबूझकर उन्हें परेशान किया और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। इस दौरान उनके समर्थकों और विरोधी गुट के बीच बहस भी हुई। हालांकि, स्थानीय पार्षद ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद विधायक क्षेत्र में सक्रिय नहीं रहे और इच्छामती नदी का जीर्णोद्धार भी अब तक नहीं हुआ है। पार्षद के मुताबिक, चुनाव से पहले केवल तस्वीरें खिंचवाने के लिए इलाके में आने वाले विधायक को देखकर स्थानीय लोग आक्रोशित हैं, इसी वजह से विरोध हुआ। बाढ़ग्रस्त बनगांव में लगातार हो रही राजनीतिक खींचतान से स्थानीय निवासियों की समस्याओं के समाधान पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा का परिणाम 9 अगस्त को घोषित होगा

**कोलकाता, संवाददाता**



प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम 9 अगस्त को जारी किया जाएगा। इस संबंध में राज्य संयुक्त प्रवेश बोर्ड ने एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से एसएफआई कार्यकर्ताओं द्वारा परिणाम घोषित करने की मांग को लेकर प्रेसिडेंसी कैंपस में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था।

गौरतलब है कि उच्च माध्यमिक परीक्षा के परिणाम आने के तुरंत बाद यह प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी, लेकिन ओबीसी आरक्षण से जुड़ी एक अदालत में लंबित मामले के चलते बोर्ड परिणाम जारी नहीं कर सका।

अब जबकि अदालती आदेश के तहत विवाद का समाधान हो चुका है, बोर्ड ने परिणाम जारी करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। परीक्षार्थी अपना परिणाम राज्य संयुक्त प्रवेश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से देख सकेंगे।




देश भर में बांग्लाभाषियों पर अत्याचार के विरोध में लगातार दूसरे दिन तृणमूल के महिला नेताओं ने धरना प्रदर्शन किया

## कोलकाता में गूंजा कृष्णा – म्यूजिक, ब्लिस एंड बियॉन्ड का मधुर संगीत

### अमेय डबली ने बांधा आध्यात्मिक समा

**कोलकाता :** कोलकाता को हमेशा से अपनी कला और संस्कृति के लिए जाना जाता है। ऐसे में इस शहर ने एक बेहद खास और भावपूर्ण संगीत संध्या का अनुभव किया। मशहूर गायक अमेय डबली ने अपनी प्रसिद्ध प्रस्तुति कृष्णा – म्यूजिक, ब्लिस एंड बियॉन्ड को साइंस सिटी ऑडिटोरियम में पेश किया। दो लगातार शो में करीब 2000 लोग मौजूद थे और हर कोई इस खास संगीतमय सफर में पूरी तरह डूब गया।

'कृष्णा' सिर्फ एक शो नहीं है, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा है। यह ऐसा अनुभव है जो मन को शांति देता है और आत्मा को छू जाता है। अमेय डबली पहले भी देश-विदेश में अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं, लेकिन कोलकाता में यह उनका पहला शो था और यह शहर की सांस्कृतिक भावना के कारण और भी खास बन गया।

अमेय डबली ने कहा,जब मैं मंच पर आता हूं, तो खुद को उस पल के हवाले कर देता हूं। दर्शक ही मुझे रास्ता दिखाते हैं और हम मिलकर एक खास माहौल बनाते हैं। यही 'कृष्णा' की खूबी है – यह सिर्फ संगीत नहीं, बल्कि एक साथ मिलकर जीया गया अनुभव है।

## कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति का सेवा समर्पण: निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं खाद्य सामग्री वितरण

**कोलकाता :** कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति की ओर से रविवार को मां शारदा शिशु तीर्थ आश्रम, हरिशपुर में सभी बच्चों के लिए निःशुल्क खाद्य सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही कुशल चिकित्सकों की देखरेख में बच्चों का स्वास्थ्य एवं चक्षु परीक्षण भी किया गया। शिविर में सभी ज़रूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। इस सेवा कार्य में समिति के कार्यक्रम संयोजक बजरंग लाल खेडिया एवं राजेश कुमार गुप्ता के साथ सदस्य राम आधार प्रजापति और राकेश कुमार शर्मा सक्रिय रूप से शामिल रहे। सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर अशोक सिंह ने भी चिकित्सा सेवा में अपना योगदान दिया।



समिति के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी और सचिव नन्दकिशोर भुतड़ा ने बताया कि कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति समय-समय पर कोलकाता एवं पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में चक्षु एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन करती रहती है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

## शालबनी में वज्रपात से दो लोगों की मौत



**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के शालबनी में रविवार की शाम वज्रपात की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रामू सोरेन (51) और भारती हेम्ब्रम (40) के रूप में की गई हैं। दोनों शालबनी के निवासी थे। बताया जा रहा है कि दोनों खेत में काम करके लौट रहे थे, तभी अचानक तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दरान, वज्रपात की चपेट में आने से दोनों खेत में गिर पड़े। स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों को खेत से निकालकर शालबनी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से इलाके में मातम पसर गया है।

## हावड़ा के डीआरएम उत्कृष्ट सेवा के लिए 'प्राइड ऑफ बंगाल 2025' पुरस्कार से हुए सम्मानित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजनल रेलवे मैनेजर संजीव कुमार को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और हावड़ा स्टेशन के विकास तथा यात्री सुविधाओं के उन्नयन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित प्राइड ऑफ बंगाल - 2025 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 2 अगस्त को आईआईएचएम ग्लोबल कैंपस में आयोजित एक समारोह में डॉ. सुवर्ण बोस, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के अध्यक्ष एवं मुख्य संरक्षक और इंडीस्मार्ट ग्रुप वर्ल्डवाइड के सीईओ तथा लंदन के इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी काउंसिल के सीईओ द्वारा प्रदान किया गया। संजीव कुमार के प्रभावशाली नेतृत्व में हावड़ा स्टेशन में अवसंरचना, यात्री सुविधाओं और संपूर्ण परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं।

## श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति के शिविर में गूंजे फिर इस सप्ताह सेवा और भक्ति के स्वर

**कोलकाता :** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति के जामीर बेड़िया स्थित विश्राम गृह में बालाजी भक्त मंडल के द्वारा शनिवार को सुंदरकाण्ड पाठ किया गया। आयोजन के अन्तर्गत रिसड़ा जागरण मंडल ने भजन कीर्तन का सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी व सचिव गोविंद रांधड़ के अनुसार इस अवसर पर बड़ी संख्या में मार्केट के व्यापारी भी सेवा शिविर के निरीक्षण के लिए पहुंचे। उपाध्यक्ष मुरारीलाल डीडवानिया, कोषाध्यक्ष विकास नेवटिया, संयुक्त सचिव विजय कुमार दारुका, राजीव कुमार सिंघी की देखरेख में कांवड़ियों के लिए चाय पानी, जलपान से लेकर नाश्ता, भोजन, गर्म दूध, जलेबी आदि सभी व्यवस्थाएं रही। मेला संयोजक सुशील अग्रवाल, सुरेश झुनझुनवाला, मेला सह संयोजक सचिन बेरीवाल, सोमनाथ कुमार व संजय जैन के अनुसार लगभग पच्चीस हजार से ज्यादा कांवड़ियों ने इन सभी सुविधाओं का लाभ उठाया। गणेश साव फायर पान



वाले की तरफ भी सभी का आकर्षण बराबर बना रहा। शिव कुमार डिडवानिया, दाऊलाल मूंदड़ा, मुकेश जिंदल, सुरेंद्र गौरीसरिया, सोहनलाल सिंघी, प्रदीप जालान, नथमल बिहानी, रमेश गोयल, शिव कुमार कनोई, रमेश बिहानी, पंकज गोयल, सुनील खेमका, विकास गोयल, अनिल मित्तल, रमेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, राजेश कुमार जोशी, मनीष पंसारी, बिपिन बेरीवाल, रमेश शर्मा, अमित माधोगढ़िया, रामअवतार सांगानेरिया, बिमल छाजेड़, सतीश डोकानिया, शिव कुमार अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, किशन गोयल, विजय केडिया, प्रकाश सोमानी, संदीप गदिया, मुरारीलाल जालान, बिनय मरेठिया, हिमांशु बिहानी, संजय सोमानी, ललित भंसाली, बंशी मूंधड़ा आदि सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीमती चांदनी रांधड़, श्रीमती कौशल्या अग्रवाल, श्रीमती सविता केडिया व अन्य महिला सदस्याएं भी सेवा के लिए पहुंची।

## हावड़ा मंडल ने यूटीएस मोबाइल ऐप को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान किया तेज




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने डिजिटल परिवर्तन और यात्रियों की सुविधा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) मोबाइल ऐप को लोकप्रिय बनाने के अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। यह अभियान डीआरएम संजीव कुमार के मार्गदर्शन में और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राहुल रंजन के नेतृत्व में सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। इस डिजिटल जागरूकता अभियान के अंतर्गत 1 अगस्त को एक विशेष प्रचार कार्यक्रम आयोजित किया गया। वाणिज्य विभाग की टीमों ने डानकुनी, बारुईपाड़ा, खगड़ाघाट, शेउराफुली, रामपुरहाट और पाकुड़ सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के साथ संवाद स्थापित किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को उनके स्मार्टफोन के माध्यम से अनारक्षित टिकट, सीजन टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट बुक करने के लिए प्रेरित करना है। यह निरंतर अभियान भारतीय रेलवे के डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य एक डिजिटल रूप से सशक्त और यात्री-केंद्रित परिवेश बनाना है।

## मालदह में ब्राउन शुगर की बड़ी खेप बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**मालदह :** मालदह के इंग्लिश बाजार थाना की पुलिस ने शनिवार तड़के एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 2 करोड़ रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान मो. मिनाजुल शेख उर्फ पप्पू (26), जसीमुद्दीन मोमिन (30) और करीम मोमिन (28) के रूप में हुई है। आरोपियों को शनिवार को मालदह जिला अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने उन्हें रिमांड पर लेने की अर्जी दी है। सूत्रों के मुताबिक, इंग्लिशबाजार थाना और क्राइम मॉनिटरिंग ग्रुप की संयुक्त टीम नेस्टेशन रोड स्थित डीआरएम ऑफिस के पास तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान तीन संदिग्धों को



हिरासत में लेकर जब उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास से 25 प्लास्टिक के पैकेट बरामद हुए। पैकेट खोलने पर कुल 2 किलो 548 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। तीनों आरोपी मालदह के कालियाचक थाना क्षेत्र के शेरशाही इलाके के निवासी हैं। प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि यह ब्राउन शुगर उन्होंने कालियाचक के ही एक व्यक्ति से ली थी और इसका बिहार ले जाकर सौदा करने का इरादा था। फिलहाल, पुलिस इस मामले में आगे की जांच में जुटी है।

## पारिवारिक दबाव और अपमान के कारण किशोरी ने की आत्महत्या की कोशिश

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना के हिंगलगंज इलाके में शनिवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां पारिवारिक दबाव और प्रेम संबंधों को लेकर हुए अपमान से आहत एक 14 वर्षीय किशोरी ने खुद पर केरोसिन छिड़ककर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर रूप से झुलसी किशोरी को पहले सांडेलबिल ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी स्थिति गंभीर होने पर बशीरहाट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, किशोरी का प्रेम संबंध हसनाबाद थाना क्षेत्र के कालीतल्ला निवासी 22 वर्षीय युवक कार्तिक प्रमाणिक से था। यह रिश्ता किशोरी के परिवार को स्वीकार नहीं था और कई बार उसे इस रिश्ते से दूर रहने का दबाव बनाया गया। इस साल फरवरी में किशोरी के परिजनों ने युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला भी दर्ज करवाया था। शनिवार शाम युवक किशोरी के घर गया था, जहां परिजनों के साथ उसका विवाद हुआ।

इसके बाद किशोरी पर युवक से दूरी बनाए रखने के लिए दबाव बनाया गया। इस अपमान से आहत किशोरी ने गुस्से और निराशा में आकर सबके सामने खुद पर केरोसिन तेल उड़ेलकर आग लगा ली। मौके पर मौजूद परिजनों और स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग बुझाकर उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## धर्म – संस्कृति एवम् सत्संग से जुड़े रहने से आत्मीय सुख : ब्रह्माश्रम महाराज

**कोलकाता :** सत्संग भवन में पधारे दण्डीस्वामी ब्रह्माश्रम जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा सत्संग भवन धर्म, अध्यात्म, संस्कृति का त्रिवेणी संगम है। भौतिक, सांसारिक सुख की चाहत में मन चंचल होता है, लेकिन अध्यात्म, धर्म – संस्कृति एवम् सत्संग से जुड़े रहने से आत्मीय सुख का अनुभव होता है। हरिद्वार से पधारे ब्रह्माश्रम महाराज ने कहा भारत में हिन्दू धर्मावलम्बी, श्रद्धालु भक्त राम राज्य, हिन्दू राष्ट्र की कल्पना कर रहे हैं, लेकिन विडम्बना है कि वोट बैंक में निहित राजनीतिक स्वार्थ बढ़ता जा रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का स्मरण करते हुए कहा विश्व में ईश्वर सर्वत्र व्याप्त है। भारत में वैदिक सनातन धर्म, संस्कृति के अनुरूप ईश्वर के अनुयायी के रूप में आस्था के केन्द्र मठ – मन्दिर से भक्तों का मार्गदर्शन



करने की परम्परा है। सनातन हिन्दू धर्म के प्रति आस्था एवम् परस्पर सद्भावना रखते हुए राष्ट्रीय एकता से भारत का हित, विकास जुड़ा है। जागे तभी सवेरा, गुरुकुल शिक्षा सभी नागरिकों को मिले। बच्चों, युवा पीढ़ी को सु – संस्कारित करना अभिभावकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं का नैतिक कर्तव्य है। नागरिक स्वास्थ्य संघ के उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार डागा, गोवर्धन मूंधड़ा, महेश आचार्य, हरि प्रकाश सोनी, राजकुमार कोठारी, राजू शर्मा, अभय पाण्डेय एवम् श्रद्धालु भक्तों ने स्वामी जी का स्वागत किया। सत्संग भवन के ट्रस्टी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, दीपक मिश्रा ने श्रद्धालु भक्तों से दैनिक कथा – प्रवचन में उपस्थित रह कर पुण्य अर्जित करने का निवेदन किया।

# कोलकाता में बारिश ने बिगाड़ी रसोई की रफ्तार, सब्जियों के दाम बेकाबू



**कोलकाता, समाज्ञा :** लगातार बन रहे निम्न दबाव और उसके कारण हो रही लगातार बारिश के चलते पिछले डेढ़ महीने से पूरा राज्य लगभग तैर रहा है। और यह तैरती हुई स्थिति मध्यम वर्ग की बचत को भी लील रही है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। फूलगोभी, बैंगन से लेकर कंकरोल, खीरा, करेला तक, हर चीज की कीमतें तेज़ी से बढ़ रही हैं। बाज़ार में कदम रखते ही मध्यम वर्ग के लोग क़ीमतें सुनकर चौक जाते हैं। फूलगोभी, जो कुछ हफ्ते पहले 30 रुपये प्रति पीस मिल रही थी, अब 50 से 60 रुपये में बिक रही है। आलू, जो 40-50 रुपये के पार पहुंच गए थे, अब 70-80 रुपये में बिक रहे हैं। बड़े बैंगन की तो बात ही छोड़िए, जिनकी कीमत कुछ जगहो पर 100 रुपये तक पहुंच गई है। करेला, कंकरोल, खीरा, ऊल, ये भी 70-80 रुपये प्रति किलो बिक रहे हैं। भिंडी 80 रुपये प्रति किलो मिल रहा है। सर्दियों की पसंदीदा सब्ज़ी लौकी 40 रुपये प्रति पीस बिक रही है। और टमाटर, जो कभी पूरे राज्य में चर्चा का विषय हुआ करता था, अब 70-100 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। रविवार की सुबह मिर्च के दाम सुनकर कई लोग हैरान रह गए। वे बाज़ार से बिना मिर्च के ही थैले लेकर घर लौट आए। ये सब्ज़ियों 100 से 120 रूपये प्रति किलो के भाव पर बिक रही है। विक्रेताओं का कहना है कि इस बढ़ती कीमतों के लिए प्रकृति जिम्मेदार है। कम दबाव के कारण पिछले कुछ हफ्तों में राज्य भर में भारी बारिश हुई है। कई इलाकों में जमीन जलमग्न हो गई है, फसलें बर्बाद हो गई हैं। सब्जियों की खेती बर्बाद हो गई है। इसलिए आपूर्ति कम ही गई है और मांग बढ़ने से कीमतें तेजी से बढ़ी है। इस बीच, खरीदारों का सवाल है कि राज्य सरकार ने कहा था कि वह बाज़ार पर नज़र रखेगी। वह टास्क फोर्स कहां गई? विक्रेता अपनी मर्जी से दाम बढ़ा रहे हैं।

## डानकुनी में दिनदहाड़े सोने की दुकान में लूट, हथियारबंद बदमाशों ने ग्राहकों को भी बनाया निशाना

**हुगली :** हुगली जिले के डानकुनी इलाके में रविवार शाम को दिनदहाड़े एक सोने की दुकान में हथियारों से लैस पांच बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने दुकान में मौजूद ग्राहकों और दुकानदार को धमकाकर करीब 20 मिनट तक लूटपाट की और फिर मौके से फरार हो गए। शाम करीब 4 बजे दो बाइकों पर सवार होकर पहुंचे ये बदमाश पहले ग्राहक बनकर दुकान में घुसे और फिर हथियार निकालकर आतंक मचा दिया। वे दुकान के ऊपर स्थित फ्लोर पर गए, जहां कई ग्राहक मौजूद थे। इस दौरान दुकानदार के सिर पर हथियार से वार कर उसे घायल कर दिया गया। बदमाशों ने सभी ग्राहकों को बांधकर उनके पास



मौजूद सोने के गहने लूट लिए।

घटना की सूचना मिलते ही डानकुनी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और दुकान के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने लुटेरों की पहचान और ठिकाने का पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी है। डानकुनी जैसे व्यस्त इलाके में इस तरह की दिनदहाड़े हुई लूट ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## हुगली में होटल मैनेजमेंट की छात्रा से छेड़छाड़, आरोपी ट्रेनर गिरफ्तार

**हुगली :** हुगली के गुप्तिपाड़ा क्षेत्र स्थित एक होटल मैनेजमेंट ट्रेनिंग सेंटर में 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रेनर को गिरफ्तार कर लिया है।



घटना 26 जुलाई को भारी बारिश के दिन की है, जब छात्रा अकेली सेंटर पहुंची थी। पीड़िता का आरोप है कि उसी दौरान ट्रेनिंग सेंटर में मौजूद प्रशिक्षक ने उसे जबरन पकड़कर अश्लील हरकतें कीं और किस करने की कोशिश की। किसी तरह डर के मारे वह वहां से भाग निकली।

छात्रा ने पहले डर के कारण यह बात किसी को नहीं बताई, लेकिन बाद में अपने चचेरी बहन को पूरी घटना बताने के बाद, उसके परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।


पीड़िता के पिता ने कहा कि उनकी बेटी सरकारी ट्रेनिंग सेंटर में होटल मैनेजमेंट कोर्स कर रही थी, और वहां उसके साथ ये घटना हुई। उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

हालांकि आरोपी ने सभी आरोपों को नकारते हुए इसे एक साज़िश बताया है और पूछा है कि अगर ऐसा हुआ था तो छात्रा ने तुरंत शिकायत क्यों नहीं की।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। घटना को लेकर इलाके में चर्चा और आक्रोश फैल गया है।

## पति के विवाहेत्तर संबंध के कारण विवाद, पत्नी का घर से झूलता शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बशीरहाट के हिंगलगंज में रविवार को एक पत्नी का शव उसके घर से लटकता हुआ मिला। मृतका की पहचान मौसमी सरदार (26) के रूप में की गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। हत्या या आत्महत्या? पुलिस उस मामले की जांच कर रही है। पता चला है कि मौसमी सरदार की शादी हिंगलगंज थाना अंतर्गत कालूतला ग्राम पंचायत के पार घुमटी इलाके के निवासी राहुल मंडल से हुई थी। शुरुआत में, सब कुछ ठीक था। आरोप है कि राहुल एक विवाहेतर संबंध में शामिल था। मौसमी के माता-पिता का आरोप है कि इसी



बात को लेकर शक की वजह से पति-पत्नी के बीच अक्सर अनबन और बहस होती रहती थी। हालांकि, आरोप है कि राहुल ने विवाहेतर संबंध से इनकार नहीं किया। इस दिन, मौसमी का शव उसके ससुराल में फंदे से लटका मिला। परिवार वालों को इसकी सूचना दी गई। घटना का पता चलते ही दुल्हन को हिंगलगंज के स्थानीय ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हिंगलगंज पुलिस स्टेशन को सूचित किया गया। पुलिस ने घटनास्थल और अस्पताल जाकर घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतका के परिवार ने घटना के लिए पति और ससुराल वालों को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह भी जांच की जा रही है कि क्या यह घटना एक 'हत्या' थी। बताया गया है कि जांचकर्ता मृतका के पति और ससुराल वालों से पूछताछ कर रहे हैं। इस घटना से आज इलाके में सनसनी फैल गई है।

## आमता और लाइब्रेरी मोड़ पर दुर्घटनाएं जारी, अंडरपास निर्माण की मांग फिर तेज

**हावड़ा :** हावड़ा जिले के बागनान इलाके में स्थित आमता मोड़ और लाइब्रेरी मोड़ आम लोगों और वाहन चालकों के लिए खतरे का पर्याय बन चुके हैं। मुंबई रोड पर स्थित इन दोनों मोड़ों पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये दोनों मोड़ अब मौत के फंदे बन चुके हैं। इन मार्गों से प्रत्येक दिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं, लेकिन दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि इन स्थानों पर अंडरपास का निर्माण कर दिया जाए, तो ऐसे हादसों से बचा जा सकता है और कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

बताया जा रहा है कि पहले प्रशासन की ओर से छह महीने के अंदर अंडरपास निर्माण शुरू करने का वादा




किया गया था, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। नतीजा यह है कि वादा केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है। पिछले साल भी इस क्षेत्र में लगातार कई दुर्घटनाएं हुई थीं। हाल ही में, अंडरपास की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने नेशनल हाइवे अथॉरिटी समेत अन्य संबंधित विभागों को जनहस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा था। लेकिन इसके कुछ ही दिनों बाद लाइब्रेरी मोड़ पर एक और दर्दनाक हादसा हो गया। अब क्षेत्रवासियों का केवल एक ही सवाल है - आखिर अंडरपास का निर्माण कब शुरू होगा?

## बीएसएफ की बड़ी कामयाबी, लाखों की बांग्लादेशी करेंसी के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित बीएसएफ के दक्षिण बंगाल सीमांत की 102वीं वाहिनी की सीमाचौकी घोजाड़ांगा पर तैनात जवानों ने विशिष्ट सूचना के आधार पर सटीक कार्रवाई करते हुए घोजाड़ांगा (उत्तर पाड़ा ) गाँव के एक व्यक्ति को अवैध बांग्लादेशी टका 6,58,430/- के साथ उस समय गिरफ्तार किया, जब वह इस अवैध बांग्लादेशी टका को सीमा पार करके अन्य बांग्लादेशी तस्कर को सौंपने की फ़िराक में था।




रात लगभग 8 बजे, सीमा चौकी घोजाड़ांगा पर तैनात बीएसएफ जवानों को एक सटीक और गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि एक भारतीय नागरिक अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर एक बांग्लादेशी नागरिक को अवैध रूप से बांग्लादेशी मुद्रा सौंपने वाला है। सूचना मिलते ही सीमा चौकी घोजाड़ांगा पर तैनात जवान तुरंत हरकत में आए और सभी ड्यूटी प्वाइंट्स को सतर्क कर दिया। कुछ ही देर बाद, वह व्यक्ति सीमा के समीप संदिग्ध गतिविधि करते हुए बीएसएफ की निगरानी में आ गया। जवानों द्वारा ललकारे जाने पर वह घबराकर अपने घर की ओर दौड़ गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जवानों ने तत्परता दिखाई और संदिग्ध के घर को चारों ओर से घेर लिया। स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में जब उसके घर की विधिवत तलाशी ली गई, तो अलमारी में छिपाकर रखे गए थैले से 6,58,430 बांग्लादेशी टका बरामद किए गए, उक्त व्यक्ति को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और बरामद बांग्लादेशी टका एवं मोबाइल फोन को जब्त करके आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु बीओपी घोजाडांगा लाया गया।

प्रारंभिक पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि ये बांग्लादेशी टका उसे कल सुबह ही एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा सौंपे गए थे, जिसको की वह रात के अंधेरे में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार एक बांग्लादेशी नागरिक को सौंपने वाला था। इस काम के बदले उसे मात्र 500 रुपये का भुगतान मिलने वाला था। पूछताछ के दौरान इस तस्करी से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सुराग भी प्राप्त हुए हैं, जो सीमा पार सक्रिय नेटवर्क की ओर संकेत करते हैं। फिलहाल, पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है, ताकि इस अवैध गतिविधि में संलिप्त सभी व्यक्तियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

पकड़े गए व्यक्ति को जब्त बांग्लादेशी करेंसी के साथ आगे की कार्यवाही के लिए सम्बंधित विभाग को सौंप दिया गया है।

बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी ने इन घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा बल तस्करी जैसी किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए कृतसंकल्प है और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर किसी भी गैरकानूनी गतिविधि को सख्ती से रोकने के लिए लगातार सतर्कता बरत रहा है।

## निःशुल्क आंख व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**हावड़ा, समाज्ञा :** तेरापंथ सभागार उत्तर हावड़ा में रविवार को निःशुल्क चक्षु जांच व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से शिविर का उदघाट्न किया गया। इस अवसर पर उत्तर हावड़ा के विधायक गौतम चौधरी, हावड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता महेन्द्र अग्रवाल, लाडनूं नागरिक परिषद के ट्रस्टी बंसीधर शर्मा, तेजकरण बोथरा, मंत्री पन्नालाल सुराना, शिविर प्रायोजक राजेन्द्र कोटेचा आदि विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित थे। इस शिविर में लगभग 300 व्यक्तियों ने चक्षु जांच करवाई जिसमें 100 व्यक्ति ऑपरेशन लायक पाए गया। इनका 13 अगस्त को ऑपरेशन



किया जाएगा। सैकड़ों व्यक्तियों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया व लगभग 100 व्यक्तियों ने नाभि पद्धति से उपचार कराया। शिविर को सफल बनाने में शिविर संयोजक विनोद कुचेरिया, सह संयोजक दिलीप बैद, सुशील गंग, राकेश बोथरा, रितेश कुमार दूगड़ का प्रयास सफल रहा। ट्रस्ट परिवार से ट्रस्ट के मंत्री बुधमल लूनिया, सह मंत्री रणजीत बोथरा, कार्य समिति सदस्य प्रकाश चंद बोथरा, रतन लाल सिंगी, कमल दूगड़, निवर्तमान अध्यक्ष मदन लाल भंसाली, कोषाध्यक्ष आनंद पारख, श्रीचंद प्रजापत, अरविंद दूगड़, प्रकाश कोठारी, सुरेश डांगी आदि सक्रिय थे। यह सूचना ट्रस्ट मंत्री बुधमल लूनिया ने दी।

## बांकुड़ा में मिट्टी की दीवार ढहने से ढाई साल की बच्ची की दर्दनाक मौत

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा जिले के पात्रसायर थानांतर्गत वीरसिंह गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में ढाई साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। लगातार बारिश से भीगी मिट्टी की दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी, जिसकी चपेट में आकर घर के आंगन में खेल रही किरण लोहार नामक बच्ची दब गई। परिजन उसे तुरंत मलबे से निकालकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। किरण के पिता विश्वनाथ लोहार पेशे से दिहाड़ी मजदूर हैं और परिवार के साथ एसबेस्टस की छत वाले कच्चे मकान में रहते हैं। बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही थी, जिससे घर की मिट्टी की दीवारें काफी कमजोर हो गई थीं। हादसा उस समय हुआ जब किरण आंगन



में अकेले खेल रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही तृणमूल कांग्रेस के विष्णुपुर जिला संगठन अध्यक्ष सुब्रत दत्ता अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। प्रशासन की ओर से 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने का आश्वासन दिया गया है, जबकि तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी की ओर से 3 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता का वादा किया गया है।

## तृणमूल नेता की हत्या के आरोप में कुख्यात गैंगस्टर गिरफ्तार

### मामले में अबतक कुल चार गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा**

उत्तरपाड़ा थानांतर्गत कानाईपुर में तृणमूल नेता की हत्या के आरोप में कुख्यात गैंगस्टर बाघा को पुलिस ने बांकुड़ा के सोनामुखी इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को शक है कि पिंटू चक्रवर्ती की हत्या इसी गैंगस्टर से जमीन विवाद के चलते हुई।

बाघा की गिरफ्तारी के साथ इस मामले में गिरफ्तारियों की संख्या चार हो गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इलाके में एक



जमीन की बिक्री को लेकर पंचायत में मतभेद था। बाकी लोग मान गए थे, लेकिन तृणमूल नेता ने विरोध किया था। इसलिए सुपारी देकर तृणमूल नेता की हत्या करवा दी गई। पुलिस ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी थी कि इस मामले में बिश्वनाथ दास उर्फ बिशा, दीपक मंडल और बिश्वजीत प्रमाणिक को गिरफ्तार किया गया था। इन लोगों से पूछताछ के बाद पता चला कि बिशा ने तीन लाख रुपए की सुपारी लेकर दो भाड़े के हत्यारे बुलाए और तृणमूल नेता की हत्या करवाई।

### बदले गए कानाईपुर चौकी इंचार्ज

**हुगली, समाज्ञा : कानाईपुर में तृणमूल नेता की हत्या के मामले में शनिवार को हुई गिरफ्तारियों के बाद चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट ने कानाईपुर चौकी इंचार्ज राहुल विश्वास का तबादला कर दिया है। एसआई विश्वजीत पाल को उनकी जगह पर कानाईपुर पुलिस चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। राहुल विश्वास को चन्दनगर थाने में स्थानांतरित किया गया है।**

## पू. सी. रेलवे के महाप्रबंधक ने मालीगांव में दो नवनिर्मित लॉन टेनिस कोर्ट का उद्घाटन किया



**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने 30 जुलाई 2025 को मालीगांव के नामबारी स्थित एनएफआर स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एनएफआरएसए) परिसर में दो नव पुनर्निर्मित आउटडोर लॉन टेनिस कोर्ट का उद्घाटन किया। यह पू. सी. रेलवे के खेल बुनियादी ढांचे में एक उल्लेखनीय विकास का प्रतीक है और पूरे जोन में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एनएफआरएसए के प्रयासों में एक नया अध्याय है। नवनिर्मित टेनिस कोर्ट अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करता हैं और इन्हें बहु-स्तरीय लेटेक्स ऐक्रेलिक रेज़िन-आधारित कुशंड प्रणाली से उन्नत किया गया है। टेनिस के अलावा, एनएफआरएसए ने पू. सी. रेलवे में एक मज़बूत खेल पारिस्थिति की तंत्र को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## तप अध्यात्म का नवनीत है : मुनिश्री जिनेश कुमार

### मासखमण तप अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार ठाणा-3 के सान्निध्य में मासखमण तप अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा भिक्षु बिहार में किया गया। मासखमण तप करने वाले सजोड़े तपस्वी जुगराज बैद, प्रेमलता बैद, अनूप गंग, सुजानी देवी पगारिया, उर्मिला गुलगुलिया, सुमन गोयल, संपत छाजेड़ व सुनीता देवी दुधेड़िया के नाम उल्लेखनीय हैं। मासखमण तप अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार ने कहा कि जैन साधना पद्धति में तपोयोग का महत्त्वपूर्ण स्थान है। तप वह अग्नि है जो कर्म रूपी कचरे को भस्म करने में समर्थ है। तप आंतरिक शुद्धि का सार्थक उपक्रम है। तप अध्यात्म का नवनीत है, अतीत का क्षयोपशम, वर्तमान का विराग और भविष्य का दर्पण है। तपस्या वह रसायन है जिसके द्वारा शरीर और मन का संतुलन बना रहता है। रस-नेन्द्रिय के संयम से ऊर्जा का संचय होता है, विषय तृष्णा के कड़े ताप शान्त हो जाते हैं। वृत्ति शोधन के साथ शरीर अनेक प्रकार की व्याधि से मुक्त होकर स्वस्थता की अनुभूति करता है। तप आत्मा का उज्ज्वल पक्ष व अमृत का प्याला है। मुनिश्री ने आगे कहा- वृहत्तर कोलकाता में एक साथ आठ भाई-बहिनों का



मासखमण तप सम्पन्न होने जा रहा है। मासखमण तप करने वाले सभी तपस्वियों ने अद्भुत मनोबल का परिचय दिया है। इस अवसर पर मुनि कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीतिका का संगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ कन्या मंडल के मंगलाचरण से हुआ। स्वागत भाषण जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता-पूर्वाचल) ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय सिंघी ने दिया।

साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभा के संदेश का वाचन उपाध्यक्ष कमल सुराणा ने व तप अभिनंदन पत्र का वाचन मुख्य न्यासी बाबूलाल गंग ने किया। तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष राजीव बोथरा, तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्षा बबीता तातेड़, टीपीएफ कलकत्ता सभा के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुलगुलिया, अध्यक्ष अजय भंसाली, इचलकरंजी से समागत जवाहर लाल भंसाली, खींवकरण बैद, कमल किशोर पगारिया, कंवरलाल जी सेठिया, अजय गोयल, सौरभ-शिवानी गुलगुलिया, अंकुश छाजेड़, सरला गंग ने तप अनुमोदना में अपने विचार व्यक्त किये।

तेरापंथ युवक परिषद, सभा सदस्य, लिलुआ सभा, स्वर लहरी के सदस्यों ने समूह गीतों की प्रस्तुति से तप अनुमोदना की। आभार ज्ञापन सभा के कोषाध्यक्ष जयसिंह बरड़िया ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानंदजी व हसमुख मुथा ने किया। इस अवसर पर बृहत्तर कोलकाता की सभी सभाओं के पदाधिकारी व श्रावक समाज की विशाल उपस्थिति रही।

## बंगेश्वर महादेव नया मंदिर से श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम तक बोल बम के नारों की गूंज

- **भारी बारिश और जर्जर सड़के भी नहीं रोक पायी शिवभक्तों को**

**हावड़ा :** जन जन की आस्था के केन्द्र श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम इन दिनों शिवभक्ति में पूरी तरह से डूबा हुआ है। श्रावण माह के उपलक्ष में घुसुड़ीधाम में 11 जुलाई से शुरू हुए माह व्यापी श्रावणोत्सव के अन्तर्गत आयोजित साप्ताहिक सामूहिक कांवड़ यात्रा के अंतिम चरण में श्रावण माह के आज अंतिम रविवार को बांधाघाट के प्रसिद्ध सेठ बंशीधर जालान स्मृति बंगेश्वर महादेव नया मंदिर से निकली जल-यात्रा में सैकड़ों नर-नारियों और बच्चों ने इस मंदिर के गंगा तट से कलशियों में गंगाजल भरकर पूरे मार्ग को बोलबम के नारों से गूंजाते हुए श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम पहुंचकर मंदिर में बाबा भोलेनाथ की महिमा के गुणगान की स्वर लहरियों के मध्य हर हर महादेव



और जय श्री श्याम के उद्घोष के साथ बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा के दौरान भारी बारिश और जर्जर व जलमग्न सड़कें भी शिवभक्तों के प्रबल उत्साह को नहीं डिगा पायी। जलाभिषेक के बाद कांवड़ यात्रियों के लिए मंदिर की ओर से भण्डारा प्रसाद का भी प्रबंध किया गया।

मंदिर के प्रबंध न्यासी श्री बिनोद कुमार टिबड़ेवाल ने बताया कि श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में पूरे श्रावण माह में शिव भक्तों का तांता लगा रहा है और विशेष रूप से बाबा श्याम की आरती के पश्चात बाबा भोलेनाथ की नित्य सामूहिक आरती व हर सोमवार को पूजन-अर्चन हेतु श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। प्रचार प्रभारी श्री सुरेश कुमार भुवालका ने बताया कि मंदिर में हर साल माह व्यापी श्रावण माह महोत्सव आयोजित होता है जिसका समापन रक्षा बंधन के दिन होगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान में अगले हफ्ते भी होती रहेगी बारिश

**जयपुर :** राजस्थान के अनेक हिस्सों में अगले हफ्ते भी बारिश होती रहेगी। हालांकि इस दौरान अति भारी बारिश होने का अनुमान नहीं है। मौसम केंद्र (जयपुर) के अनुसार अगले तीन-चार दिन राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में मध्यम से लेकर कहीं-कही तेज बारिश होने की संभावना है। केंद्र का कहना है कि पश्चिमी राजस्थान में अगले पांच-छह दिन केवल छुटपुट स्थानों पर ही हल्की बारिश होने एवं अधिकतर भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने का अनुमान है। पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में हल्की-मध्यम बारिश हो सकती है। रविवार सुबह तक चौबीस घंटे के दौरान पूर्वी राजस्थान में एक दो स्थान पर भारी वर्षा दर्ज की गई। माउंट आबू तहसील में सर्वाधिक वर्षा 75.0 मिलीमीटर दर्ज की गई। इस दौरान सर्वाधिक अधिकतम तापमान बीकानेर में 37.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### चंदौली में खड़ी कार से टकराया टेम्पो, महिला की मौत, दो लोग घायल

**चंदौली :** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के अलीनगर क्षेत्र में रविवार को यात्रियों से भरे एक टेम्पो के सड़क किनारे खड़ी कार से टकरा जाने से टेम्पो में सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने अलीनगर थाना क्षेत्र स्थित गोधना गांव के पास रविवार की दोपहर को सवारियों से भरा टेम्पो सड़क के किनारे खड़ी कार से जा टकराया। टक्कर भीषण होने के चलते टेम्पो का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में टेम्पो में सवार 45 वर्षीय महिला मीरा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में टेम्पो सवार दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें वाराणसी स्थित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### जयपुर में युवक ने नौंवी मंजिल से कूदकर आत्महत्या की

**जयपुर :** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 24 वर्षीय एक युवक ने शनिवार रात एक आवासीय इमारत की नौंवी मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार युवक ने इमारत से कूदने से पहले खुद को भी आग लगा ली। पुलिस ने बताया, 'आदित्य शर्मा (24) ने शनिवार रात इमारत से कूदने से पहले खुद पर पेट्रोल डाला और आग लगा ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।' आदित्य बगरू औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्टरी में कार्यरत था और अपने माता-पिता तथा छोटे भाई के साथ आवासीय इमारत के एक फ्लैट में रहता था। पुलिस ने कहा, 'प्राथमिक जांच से पता चलता है कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और तनाव में था।' इस मामले की जांच की जा रही है।

### मुजफ्फरपुर के राम जानकी मठ के महंत मृत पाए गए, हत्या की आशंका

मुजफ्फरपुर (बिहार) : बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में स्थित राम जानकी मठ के महंत रविवार को रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस को आशंका है कि महंत की हत्या की गई है। मृत महंत की पहचान कौशल किशोर दास के रूप में हुई है। मुजफ्फरपुर (पूर्व) के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शहरयार अख्तर ने संवाददाताओं से कहा, 'महंत का शव उनके घर के पास बहादुरपुर इलाके में एक नदी के किनारे मिला, जो मीनापुर-पानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है।' उन्होंने कहा, महंत के परिवार के सदस्यों ने पहले पुलिस को सूचित किया था कि वह आज सुबह से लापता हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है। एएसपी ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर यह मामला हत्या का प्रतीत होता है। जांचकर्ताओं की सहायता के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों को नियुक्त किया गया है।

### मिर्जापुर में उफनाई गंगा नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत

**मिर्जापुर :** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के कछवा क्षेत्र में रविवार को उफनाई गंगा नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कछवा क्षेत्र के बजरडीहा प्रेम का पुरा इलाके में गंगा नदी में आई बाढ़ के पानी में खेलते वक्त गणेश यादव (14) और प्रीतम (15) डूब गये। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तलाशी एवं बचाव अभियान शुरू किया। गोताखोरों की मदद से दोनों लड़कों के शव नदी से बरामद कर लिए गए।

# पूर्व में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद का सीधा असर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर पड़ा: योगी आदित्यनाथ




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वर्ष 2017 से पहले पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद होता था और उसका सीधा असर राज्य की कानून-व्यवस्था पर पड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उप्र पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1,494 सहायक परिचालकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान योगी ने चयनित कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 'वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में होने वाली भर्तियों में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद हावी था। उस दौरान पैसों के लेन-देन, बोली और भेदभाव ने नौजवानों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया था।' उन्होंने कहा, 'इसका सीधा असर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर पड़ा। इससे दंगे, अराजकता, गुंडागर्दी, आतंकी घटनाएं बढ़ गयीं और जनता में असुरक्षा का माहौल बन गया।' घटनायें गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी अयोध्या, काशी और लखनऊ की कचहरी में हमले होते थे तो कभी आतंकी हमले, एक बार सीआरपीएफ कैंप रामपुर को भी निशाना बनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में 'डबल इंजन' की सरकार बनने पर सबसे पहले भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए बड़े कदम उठाए गए। इसके तहत पुलिस भर्ती बोर्ड का सुदृढ़ीकरण किया गया। उन्होंने दावा किया कि इसी का परिणाम है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है। योगी ने कहा कि अब तक राज्य सरकार साढ़े आठ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान कर चुकी है, जो पूरे देश में सबसे बड़ा आकड़ा है। वर्ष 2017 से लगातार उत्तर प्रदेश सरकार का नेतृत्व कर रहे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस में दो लाख 17 हजार 500 से अधिक कार्मिकों की निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जा चुकी है, जो देश में सबसे बड़ा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता आने के बाद निवेश भी बढ़ा, जिससे करीब दो करोड़ युवाओं को अपने जिले में ही रोजगार के अवसर मिले।

### झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन अब भी जीवन रक्षक प्रणाली पर

**रांची :** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने रविवार को यह जानकारी दी। रामदास सोरेन जमशेदपुर में अपने घर पर गिर गये थे और उनके सिर में गहरी चोट लगी थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता रामदास सोरेन (62) को जमशेदपुर से राष्ट्रीय राजधानी ले जाया गया था और इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह अपने आवास पर शौचालय में गिर गए थे। अस्पताल में बीमार नेता को देखने के बाद अंसारी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''हमारे बड़े भाई रामदास सोरेन जी की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज दिल्ली के अपोलो अस्पताल में चल रहा है। डॉ. सुधीर त्यागी के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर रख रही है।

## न्यूज अपडेट

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही उत्तर प्रदेश इकाई को मिल सकता नया प्रमुख

**लखनऊ :** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नये प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पिछले कई माह से चल रही अटकलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले यह चर्चा थी कि उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष की घोषणा के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन होगा, लेकिन अब संकेत मिल रहे हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद ही उत्तर प्रदेश को नया नेतृत्व मिलेगा। इसकी एक वजह यह भी है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए आधे से अधिक राज्यों के अध्यक्षों के चयन का 'कोरम' पूरा हो गया है। देश के 28 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हो चुका है। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर कहा, ''राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष का निर्वाचन होगा।'' उन्होंने यह भी कहा कि ''प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में शामिल नेताओं को ''दिल्ली'' में कह दिया गया है कि उत्तर प्रदेश में जाकर काम करिए, जो निर्णय होगा, पता चल जाएगा। यह पूछे जाने पर कि कौन अध्यक्ष बनेगा, उन्होंने कहा कि अभी कोई दावा करना मुश्किल है, क्योंकि पार्टी सिर्फ तात्कालिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि दूरगामी समीकरणों के आधार पर फैसला करती है। उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में भाजपा की कुल 98 संगठनात्मक जिला इकाइयां हैं। मार्च के दूसरे पखवाड़े में भाजपा उत्तर प्रदेश के संगठनात्मक चुनाव प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय ने 98 इकाइयों में 70 में जिलाध्यक्षों की घोषणा की थी और उसके बाद से ही यह कयास तेज हो गये कि जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा होगी, क्योंकि आधे से अधिक जिलों में निर्वाचन के बाद ही प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होती है। हालांकि चार माह बीतने के बाद भी पार्टी अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। अभी तक भाजपा के प्रदेश परिषद के सदस्यों की भी सूची जारी नहीं हुई है। भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए राज्य परिषद के सदस्य ही मतदाता होते हैं और वे प्रस्तावक व समर्थक का कार्य भी करते हैं, इसलिए चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के लिए उनका चयन जरूरी है।

### हरदोई में युवक ने भिक्षा मांग रही महिला पर किया ईंट से प्रहार

**हरदोई :** हरदोई जिले के नघेटा क्षेत्र में एक युवक ने भिक्षा मांग रही एक महिला पर ईंट से प्रहार करके उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 65 वर्षीय दया कुमारी शनिवार की रात भिक्षा मांग कर नघेटा मार्ग पर एक इंटर कॉलेज के पास रोटी खा रही थी तभी हरियावां थाना क्षेत्र के बरगदिया शाहपुर निवासी रामकुमार ने उससे 10 रुपये मांगे। उसने बताया कि कुमारी के मना करने पर आरोपी युवक ने उससे गाली-गलौज की और विरोध करने पर उसने दया कुमारी के सिर पर ईंट से प्रहार कर दिया। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल महिला जमीन पर गिर गई। उसने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह का निधन, झारखंड के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। हिंदुस्तान और प्रभात खबर के रांची संस्करणों में स्थानीय संपादक रहे सिंह का आज दिन में यहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान देहावसान हो गया। गंगवार ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, वरिष्ठ पत्रकार श्री हरिनारायण सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। अपने लम्बे पत्रकारिता जीवन में उन्होंने निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ समाज एवं प्रदेश की सेवा की। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। सोरेन ने 'एक्स' पर लिखा, ''वरिष्ठ पत्रकार श्री हरिनारायण सिंह के निधन का दुखद समाचार मिला। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मरांग बुरु (प्रधान आदिवासी देवता) दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें ।

## बिहार कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक राम जदयू में शामिल



**पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका लगा है क्योंकि उसके वरिष्ठ नेता अशोक राम रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली पार्टी जद (यू) में शामिल हो गए। अशोक राम ने आरोप लगाया कि पार्टी में ''दलितों की अनदेखी'' की जा रही है, जिसके साथ उनका करीब चार दशक का जुड़ाव रहा है।जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा ने राम का पार्टी में स्वागत किया और दावा किया कि कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। इसके कई नेता अभी भी हमारे संपर्क में हैं।' कई बार विधायक रह चुके राम बिहार कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके हैं।झा ने कहा, ''अशोक राम का समाज के सभी वर्गों पर गहरा प्रभाव है। उनका जमीनी स्तर से जुड़ाव निश्चित रूप से जदयू के लिए फायदेमंद साबित होगा। दलितों के प्रति कांग्रेस पार्टी का व्यवहार और उनकी स्वीकार्यता जगजाहिर है। जदयू में शामिल होने के बाद, राम ने कहा, 'नीतीश कुमार एक दूरदर्शी नेता हैं और वह जन कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस ने राम के जदयू में शामिल होने की आलोचना करते हुए दावा किया कि वह घोर अवसरवादी हैं।

## विधायक के अनुचित व्यवहार के खिलाफ पटना एम्स के चिकित्सकों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी





**पटना :** बिहार में शिवहर से विधायक चेतन आनंद के कथित अनुचित व्यवहार के खिलाफ रेजिडेंट चिकित्सकों की हड़ताल की वजह से पटना के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में स्वास्थ्य सेवाएं रविवार को लगातार तीसरे दिन भी प्रभावित रहीं। 'रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन' (आरडीए) के प्रतिनिधियों ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा के लिए रविवार को एक बैठक बुलाई है। आरडीए सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। आरडीए ने शनिवार को एक बयान में कहा, बैठक के दौरान हमें आश्वासन दिया गया। हम घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज को तुरंत सार्वजनिक करके पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करते हैं। यह सच्चाई सामने आने और न्याय मिलने के लिए जरूरी है। बयान में कहा गया, 'प्रशासन ने झूठे मामलों में फंसाए गए रेजिडेंट चिकित्सकों और सुरक्षा कर्मचारियों के लिए पूर्ण संस्थागत कानूनी सहायता का हमें आश्वासन दिया है। प्रशासन ने हमें यह भी आश्वासन दिया है कि ट्रॉमा सेंटर, आपातकालीन विभाग, प्रसूति कक्ष और आईसीयू जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया 72 घंटों के भीतर शुरू कर दी जाएगी।' आरडीए ने कहा कि वह एक चिकित्सक के खिलाफ दर्ज झूठी प्राथमिकी को तत्काल रद्द करने की मांग कर रहा है। साथ ही बयान में कहा गया है कि हड़ताल अगली सूचना तक जारी रहेगी। हड़ताल के परिणामस्वरूप आपातकालीन, ओपीडी और अन्य सेवाएं प्रभावित हुईं। आरडीए ने पहले आरोप लगाया था कि, 'विधायक, उनकी पत्नी और उनके हथियारबंद सुरक्षाकर्मी जबरन अस्पताल परिसर में घुस आए, सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट की, रेजिडेंट चिकित्सकों को जान से मारने की धमकी दी और अस्पताल परिसर में बंदूक लहराई। अस्पताल का एक गार्ड बुरी तरह घायल हो गया और रेजिडेंट चिकित्सकों को उनके ही कार्यस्थल पर धमकियों तथा दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा।'

## नाबालिग लड़की पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बदायूं :** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिला मुख्यालय में पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और उस पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोपी व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह प्राथमिकी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शनिवार को सदर कोतवाली थाना में अरबाज नामक युवक के खिलाफ दर्ज की गई है, जो पहले हुक्का बार चलाता था। उसका हुक्का बार 2022 में बंद हो चुका है। प्राथमिकी में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जुलाई 2022 में उसकी मुलाकात एक युवक (अरबाज) से हुई जिसने खुद को शिवम उर्फ बॉबी बताया। युवक ने कलावा पहन रखा था, माथे पर तिलक था और खुद को हिंदू बताता था। धीरे-धीरे अरबाज ने पीड़िता से दोस्ती बढ़ाई और सितंबर 2022 में लड़की को दिल्ली ले जाकर नशीला पदार्थ देकर कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अरबाज ने वीडियो बनाकर उसे सार्वजनिक करने की धमकी दी और इस दौरान इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाया। पीड़िता ने प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया कि हुक्का बार में कई ऐसे युवक सक्रिय थे, जो खासतौर पर हिंदू लड़कियों को निशाना बनाते थे। लड़कियों को हुक्के में नशा देकर, वीडियो बनाकर, ब्लैकमेल कर मानसिक और शारीरिक शोषण किया जाता था। पीड़िता द्वारा दर्ज कराए गए मामले में उल्लेख किया गया है कि 16 जुलाई 2025 को आरोपी अरबाज ने उसे रास्ते में रोका और उसके साथ मारपीट की, साथ ही उसको धमकी दी कि अगर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई की तो अंजाम अच्छा नहीं होगा।

## उत्तर प्रदेश के 17 जिले बाढ़ की चपेट में, 400 से ज्यादा गांव प्रभावित



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में 17 जिलों के 400 से ज्यादा गांव इस वक्त बाढ़ से प्रभावित हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने रविवार को बताया कि राज्य के 17 जिलों में 37 तहसीलों के 402 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और उनमें रहने वाले 84 हजार 392 लोगों की जिंदगी पर असर पड़ा है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबलरी (पीएसी) के कर्मियों द्वारा निरंतर गश्त के साथ राहत और बचाव कार्य जोरों पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि बाढ़ से प्रभावित जिलों में कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाजीपुर, मिर्जापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। गोस्वामी के मुताबिक बाढ़ से अब तक 343 घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 4,015 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि भी प्रभावित हुई है। बाढ़ से परेशान लोगों तक 493 नावों और मोटरबोटों के जरिए राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों की मदद के लिए अब तक खाद्य पदार्थों के 76 हजार 632 पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, प्रभावित लोगों को ताजा भोजन उपलब्ध कराने के लिए 29 सामुदायिक रसोइयां (लंगर) स्थापित की गयी हैं। गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में कुल 905 बाढ़ आश्रय स्थल बनाये गये हैं जिनमें 11 हजार 248 विस्थापित लोग रह रहे हैं।

## बिहार में भारी बारिश के बाद नदियां उफान पर, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया



**पटना :** बिहार में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश के कारण कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। मौसम विभाग द्वारा रविवार को जारी जिलावार नवीनतम बारिश बुलेटिन के अनुसार, दो अगस्त से अब तक पटना, बांका, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, गयाजी, जहानाबाद, कैमूर, कटिहार, खगड़िया, मुंगेर, नालंदा और वैशाली समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। रविवार को राज्य की राजधानी पटना में लगातार बारिश के बाद कई प्रमुख सड़कें और कई निचले इलाके जलमग्न हो गए। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए पटना, गयाजी, जमुई, औरंगाबाद, खगड़िया, बांका, वैशाली, समस्तीपुर, शेखपुरा, लखीसराय, पूर्वी चंपारण, अरवल, पश्चिमी चंपारण और नवादा समेत कई जिलों के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। राज्य जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) के अधिकारियों ने बताया कि कई जिलों में लगातार बारिश के कारण नदियां और नाले उफान पर हैं। उन्होंने बताया कि जल प्रवाह बढ़ने से कई बांधों में जलस्तर भी बढ़ गया है। अधिकारियों ने कहा कि इसके अलावा नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश होने के कारण भी कई स्थानों पर नदियां खतरे के निशान को छू रही हैं या उससे ऊपर बह रही हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, भागलपुर और पटना जिलों के कुछ इलाकों में खास तौर से निचले इलाकों के ग्रामीणों को जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। जल संसाधन विभाग की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के कुछ क्षेत्रों में मध्यम से भारी बारिश के कारण गंगा, कोसी, सोन, बागमती, गंडक, कमला और अदरवा सहित प्रमुख नदियों के जलस्तर में पिछले कुछ दिनों से वृद्धि जारी है। रिपोर्ट में कहा गया कि गंगा भागलपुर में और पटना के गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि बूढ़ी गंडक पूर्वी चंपारण में और कोसी सुपौल एवं खगड़िया में खतरे के निशान से ऊपर है।

## लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में करंट लगने से दो दुकानदारों की मौत



**बाराबंकी :** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के रामनगर में स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रविवार को एक लोहे की सीढ़ी में फैले करंट की चपेट में आने से दो स्थानीय दुकानदारों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनगर कोतवाली क्षेत्र के महादेवा में सड़क के किनारे स्थित दुकान की सीढ़ियों में करंट फैल गया। उसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सड़क किनारे एक दुकान की आंतरिक वायरिंग से करंट लोहे की सीढ़ियों में फैल गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार सावन के चौथे सोमवार के अवसर पर महादेवा में रविवार से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर से लगभग 300 मीटर दूर सूरतगंज मार्ग के किनारे महादेवा चौकी के पास बाजार सजा हुआ था। इसी स्थान पर गोबरहा गांव निवासी संजय कुमार (32) का एक फोटो स्टूडियो और लइया की दुकान है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बाजार में प्रथम तल पर स्थित स्टूडियो की ओर जाने वाली लोहे की सीढ़ियों में दुकान की आंतरिक वायरिंग से करंट प्रवाहित हो रहा था। जैसे ही संजय सीढ़ियों के पास पहुंचा, तभी वह करंट की चपेट में आ गया। सूत्रों ने बताया कि संजय को करंट लगने से तड़पता देखकर उसके साथ काम करने वाला 30 वर्षीय हौंसला ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गया। कुछ ही पलों में दोनों की चिपककर मौत हो गई।

# जब भी मुख्यमंत्री भगवान कृष्ण की पूजा करते हैं तो भारी बारिश होती है : मंत्री विश्नोई



**जयपुर :** राजस्थान के उद्योग और वाणिज्य राज्य मंत्री के के विश्नोई ने शनिवार को कहा कि जब भी मुख्यमंत्री, भगवान कृष्ण की पूजा करते हैं तो इतनी भारी बारिश होती है कि उन्हें भगवान इंद्र से थोड़ा धीमा रुख करने की प्रार्थना करनी पड़ती है। विश्नोई ने बाड़मेर जिले के बालोतरा इलाके में घरों और खेतों में जलभराव और प्रदूषित पानी के घुसने से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। वहीं, कांग्रेस ने मंत्री की इस टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा है कि मानव निर्मित संकट की जिम्मेदारी देवताओं पर डालना हास्यास्पद है। बाड़मेर दौरे के दौरान विश्नोई ने कहा, जिस जिले बाड़मेर-बालोतरा की हम चर्चा कर रहे हैं, इंद्र भगवान मेहरबान हैं। जब-जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आती है और जब-जब हमारे मुख्यमंत्री भरतपुर में कृष्ण भगवान की पूजा करके आते हैं तब-तब यहां पर बारिश इतनी होती है कि फिर से मुख्यमंत्री जी को पलटकर के इंद्र भगवान से प्रार्थना करनी पड़ती है कि आप भगवान थोड़ा सा धीमा रुख करें।' बालोतरा जोजरी नदी से बहने वाले प्रदूषित पानी की समस्या से लगातार जूझ रहा है। जोधपुर और पाली के कारखानों से निकलने वाला औद्योगिक कचरा ले जाने वाली यह नदी मानसून के दौरान उफान पर आ जाती है, जिससे बालोतरा के गांवों में काला और बदबूदार पानी भर जाता है। बाड़मेर के बायतू विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने विश्नोई की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि मानव निर्मित संकट की जिम्मेदारी देवताओं पर डालना हास्यास्पद है। चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मंत्री ने न केवल असली मुद्दे से ध्यान भटकाया है, बल्कि यह भी दर्शाया है कि सरकार इसका समाधान करने में असमर्थ है और केवल भगवान से प्रार्थना ही मदद कर सकती है। यह हास्यास्पद है। चौधरी ने दावा किया कि जोजरी नदी के आस-पास के इलाके जलमग्न हैं और दूषित पानी घरों, खेतों और अन्य इमारतों में घुस जाता है। बारिश के दौरान नदी के उफान पर आने से समस्या और भी बढ़ जाती है।

## भावनगर-अयोध्या एक्सप्रेस को मिली हरी झंडी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया शुभारंभ



**भावनगर, समाज्ञा :** केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज गुजरात के भावनगर से भावनगर-अयोध्या साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने रीवा-पुणे (हड़पसर) एक्सप्रेस और जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस का भी उद्घाटन किया।इस ऐतिहासिक मौके पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुखभाई मांडविया और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री श्रीमती निमूबेन बंभानिया भी उपस्थित रहीं।रेल मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि भावनगर-अयोध्या एक्सप्रेस न केवल संस्कृति और आस्था को जोड़ेगी, बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं – जैसे कि 34,000 किमी नई लाइनें और 1,300 स्टेशनों का आधुनिकीकरण कार्य चल रहा है।उन्होंने आगे कहा कि देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना (मुंबई-अहमदाबाद) जल्द ही शुरू होने जा रही है, जिसकी यात्रा अवधि मात्र 2 घंटे 7 मिनट होगी। साथ ही, नई अमृत भारत ट्रेनें भी शुरू की गई हैं जो वंदे भारत जैसी सुविधाओं के साथ सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी।डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। रेलवे का यह विकास इस दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने इस नई ट्रेन सेवा के लिए रेल मंत्री का आभार भी जताया।राज्य मंत्री श्रीमती निमूबेन बंभानिया ने कहा, यह ट्रेन भावनगर की ऊर्जा और अयोध्या की भक्ति को जोड़ने वाली एक सांस्कृतिक कड़ी बनेगी, जिससे पूरे क्षेत्र को लाभ होगा।

# मालेगांव मामले में बरी होने के बाद घर लौटने पर लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित का गर्मजोशी से स्वागत

**पुणे :** मालेगांव बम विस्फोट मामले में अदालत द्वारा बरी किए गए सात आरोपियों में से एक लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित का रविवार को पुणे में घर लौटने पर उनके परिवार के सदस्यों और समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। उत्तरी महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में 2008 में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी। बृहस्पतिवार को मुंबई की एक विशेष अदालत ने पुरोहित, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और पांच अन्य को बरी कर दिया। अदालत ने आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि उनके खिलाफ ''कोई विश्वसनीय और ठोस



सबूत'' नहीं है। रविवार को जब पुरोहित पुणे लौटे तो उनके मित्र, परिवार के सदस्य, समर्थक, विभिन्न दक्षिणपंथी संगठनों के सदस्य और अन्य लोग लॉ कॉलेज रोड पर स्थित शांतिशीला हाउसिंग सोसाइटी के बाहर एकत्रित हुए, ताकि उनका भव्य स्वागत किया जा सके और मामले में उनके बरी होने का जश्न मनाया जा सके। पुरोहित इसी सोसाइटी में रहते हैं। ढोल-नगाड़े की थाप और पुष्प वर्षा के बीच पुरोहित अपनी पत्नी के साथ खुली जीप में सवार हुए, जिसके बाद जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों ने भी उनके बरी होने पर ''जय श्रीराम'' और ''सनातन धर्म की जय'' के नारे लगाए और लंबी कानूनी लड़ाई के अंत पर खुशी जताई।

### मालेगांव मामले में भागवत और योगी समेत कई नेताओं को फंसाने के लिए दबाव डाला गया : रमेश उपाध्याय

**बलिया (उप्र) :** साल 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में हाल ही में राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत द्वारा बरी किए गए सेवानिवृत्त मेजर रमेश उपाध्याय ने रविवार को आरोप लगाया कि मेरे निर्दोष होने के बावजूद राजनीतिक साजिश के तहत मुझे फंसाया गया। उन्होंने दावा किया कि न्यायिक अभिरक्षा के दौरान उनपर यह कहने के लिए दबाव बनाया गया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, आध्यात्मिक संत श्री श्री रविशंकर और इंद्रेश कुमार समेत विभिन्न नेताओं के कहने पर विस्फोट किया गया।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी के आवास को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास को बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति ने सुबह शहर के पुलिस नियंत्रण कक्ष के आपातकालीन नंबर 112 पर फोन करके धमकी दी। जांच के दौरान पुलिस ने उस मोबाइल नंबर का पता लगाया जिससे फोन किया गया था। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि संबंधित मोबाइल नंबर का पंजीकरण नागपुर शहर के सक्करदरा इलाके में विमा दवाखाना के पास तुलसी बाग रोड निवासी उमेश विष्णु राउत के नाम से था। उन्होंने कहा, ''मोबाइल लोकेशन और त्वरित तकनीकी सहायता के आधार पर पुलिस ने विमा दवाखाना परिसर से राउत को हिरासत में ले लिया।

## हिमाचल प्रदेश में दो राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 307 सड़कें बंद, भारी बारिश का 'ऑरेंज' अलर्ट जारी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश जारी रही, जिसके कारण रविवार को दो राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 307 सड़कों पर यातायात ठप पड़ गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय मौसम कार्यालय ने राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में सोमवार और मंगलवार को भारी से बहुत भारी बारिश के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई क्षेत्रों में शनिवार शाम से मध्यम से भारी बारिश हो रही है। भराडी में 108.2 मिमी, मुरारी देवी में 82 मिमी, नैना देवी में 74.4 मिमी, मलरांव में 56.2 मिमी, ब्राह्मणी में 45.4 मिमी, ऊना में 38 मिमी और जोत में 36.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। राज्य आपातकालीन अभियान केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह तक कुल 307 सड़कों पर यातायात बंद रहा। इनमें से मंडी में सबसे ज्यादा 156 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद रही। वहीं, कुल्ली में 68 सड़कें बंद रहीं। एसईओसी ने बताया कि राज्य भर में 284 विद्युत वितरण ट्रांसफॉर्मर और 210 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं। हिमाचल प्रदेश में 20 जून को मानसून के आगमन के बाद से एक अगस्त तक राज्य को 1,692 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अब तक बारिश से जुड़ी घटनाओं में 101 लोगों की मौत हो चुकी है और 36 लापता हैं, जबकि 1,600 घर पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अचानक आई बाढ़ की 51 घटना, बादल फटने की 28 और भूस्खलन की 45 घटनाएं हुई हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम में बीएसएफ कर्मियों द्वारा 'पीटे जाने' के बाद व्यक्ति की मौत

**सिलचर (असम) :** असम के कछार जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कुछ जवानों द्वारा कथित तौर पर पिटाई के बाद 30 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात को भारत-बांग्लादेश सीमा के पास कटिगोरा में हुई और घायल व्यक्ति की शनिवार को अस्पताल में मौत हो गई। इसके कारण स्थानीय सर्किल कार्यालय के सामने जनता ने विरोध प्रदर्शन किया तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। एक अधिकारी ने बताया, बीएसएफ के खिलाफ आरोप लगाया गया है कि सीमावर्ती इलाके के अमतोली गांव के निर्मोल नामसुद्र नामक एक युवक की शनिवार को कुछ बीएसएफ जवानों द्वारा बुरी तरह पिटाई के बाद मौत हो गई। बीएसएफ के जवान उसे शुक्रवार रात एक स्थानीय अस्पताल ले गए।

### दलाई लामा ने लद्दाख में चौखांग विहार मठ के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी



**लेह :** दलाई लामा ने रविवार को यहां चौखांग विहार मठ के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धार्मिक नेता, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। चौखांग विहार में, दलाई लामा का स्वागत लद्दाख बौद्ध संघ के अध्यक्ष चेरिंग दोरजय लकरुक ने किया। शिलान्यास के बाद तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने कहा, ''यह केवल अनुष्ठानिक प्रार्थनाओं और निरर्थक बातचीत का स्थान न बने, बल्कि बौद्ध दर्शन पर गहन अध्ययन का केंद्र बने, जो पीढ़ियों के लिए ज्ञान का स्रोत हो।''

### असम: भारत में प्रवेश की कोशिश कर रहे तीन बांग्लादेशियों को वापस भेजा गया

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि श्रीभूमि जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तीन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़कर उन्हें वापस भेज दिया गया। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कड़ी कार्रवाई जारी है। आज तड़के तीन अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को श्रीभूमि से वापस बांग्लादेश भेज दिया गया। पोस्ट के साथ साझा की गई तस्वीर में तीन विदेशी नागरिकों में से एक महिला भी दिखाई दे रही है। शर्मा ने कहा, अवैध आप्रवासियों के लिए राज्य में कोई जगह नहीं है। असम पुलिस ने अच्छा काम किया है। असम के श्रीभूमि, कछार, धुबरी और दक्षिण सलमारा-मनकाचर जिले बांग्लादेश के साथ 267.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं।

## एशिया कप में भारत-पाकिस्तान का मैच भावनाओं का मजाक: आदित्य ठाकरे

**मुंबई :** शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने आगामी एशिया कप में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर रविवार को केंद्र पर निशाना साधा और कहा कि पहलगाम हमले के मद्देनजर पड़ोसी देश के साथ खेल में शामिल होना भावनाओं का मजाक है। इस कदम को एक ब्लॉकबस्टर मैच बताते हुए ठाकरे ने पूछा कि सरकार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को एशिया कप में खेलने से हटने के लिए क्यों नहीं कह रही है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि पैसा और मनोरंजन आतंकवादी हमलों में जान गंवाने वालों से अधिक महत्वपूर्ण हैं। एशियाई क्रिकेट परिषद ने शनिवार को घोषणा की कि आगामी एशिया कप के दौरान भारत बनाम पाकिस्तान के दो प्रमुख मैच दुबई में आयोजित किए जाएंगे। एशिया कप नौ सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को दुबई में मुकाबला होगा और संभवतः 21 सितंबर को भी इसी मैदान पर एक और मुकाबला होगा। 29 सितंबर को होने वाला फाइनल भी दुबई में ही होगा। अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यह टूर्नामेंट टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। ठाकरे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लगता है ब्लॉकबस्टर मुकाबला है। और भारत सरकार इस पर एक शब्द भी नहीं बोलती। कितनी शर्म की बात है।

## बेंगलुरु की येलो लाइन मेट्रो सेवा का 10 अगस्त को उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**बेंगलुरु :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता तेजस्वी सूर्या ने रविवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 अगस्त को बेंगलुरु आएंगे और येलो लाइन मेट्रो सेवा का उद्घाटन करेंगे। सूर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री मेट्रो फेज-3 की आधारशिला भी रखेंगे। सूर्या ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का 10 अगस्त को बेंगलुरु दौरा बेंगलुरु दक्षिण के लिए ऐतिहासिक होगा। सूर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी न केवल लंबे समय से प्रतीक्षित येलो लाइन मेट्रो परिचालन का उद्घाटन करेंगे, बल्कि मेट्रो फेज- 3 की आधारशिला भी रखेंगे। उन्होंने कहा, इन परियोजन-



ाओं से दक्षिण बेंगलुरु में लगभग 25 लाख लोगों को लाभ होगा। सांसद सूर्या ने कहा कि 10 अगस्त को इसका उद्घाटन होने से येलो लाइन मेट्रो परियोजना 15 अगस्त की समयसीमा में पूरी हो जाएगी। सूर्या ने कहा कि ऐसा इसलिए हो सका क्योंकि मोदी व्यक्तिगत रूप से इस बात पर जोर दे रहे थे कि इसे बिना किसी देरी के जनता के लिए खोल दिया जाना चाहिए। सूर्या ने केंद्रीय शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर के पोस्ट का हवाला दिया। खट्टर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने 10 अगस्त 2025 को बेंगलुरु मेट्रो की 19.15 किलोमीटर लंबी येलो लाइन (आरवी रोड से बोम्मासांद्रा तक, जिसमें 16 स्टेशन हैं और जिसकी लागत 5,056.99 करोड़ रुपये है) का उद्घाटन करने और बेंगलुरु फेज-3 के 44.65 किलोमीटर लंबी लाइन (जिसकी लागत 15,611 करोड़ रुपये है) की आधारशिला रखने पर सहमति व्यक्त की है।''

## मिजोरम में करीब 350 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त



**आइजोल :** मिजोरम में राज्य पुलिस ने लगभग 350 करोड़ रुपये मूल्य का क्रिस्टल मेथामफेटामीन (मेथ) और हेरोइन जब्त की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक अगस्त को आइजोल के पास अपराध जांच विभाग (विशेष शाखा) और विशेष मादक पदार्थ पुलिस थाने की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, संयुक्त टीम ने जेमाबॉक और सेलिंग क्षेत्रों के बीच एक हिस्से में मिथुन (पशु) को ले जा रहे एक पिकअप ट्रक को रोका। एक अधिकारी ने बताया कि वाहन की गहन तलाशी के दौरान टीम ने लगभग 20.304 किलोग्राम क्रिस्टल मेथ (करीब 300 करोड़ रुपये मूल्य) और 128 साबुन के डिब्बों में छिपाई गई करीब 1.652 किलोग्राम हेरोइन (लगभग 49.56 लाख रुपये मूल्य) बरामद किया। उन्होंने बताया कि वाहन चालक की पहचान आइजोल के रिपब्लिक मुअल वेंग निवासी बी. ललथ-ाजुआला (45) के रूप में हुई है जिसे मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बलात्कार मामले में उम्रकैद की सजा के बाद प्रज्वल रेवन्ना को कैदी नंबर दिया गया

**बेंगलुरु :** जनता दल (सेक्युलर) के नेता प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु के परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में कैदी नंबर 15,528 दिया गया है। बलात्कार के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद रेवन्ना को यह नंबर आवंटित किया गया। जेल अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) के प्रमुख एच.डी. देवेगौड़ा के पोते रेवन्ना को शनिवार को अदालत के फैसले के बाद जेल में कैदी नंबर दिया गया। सजा सुनाए जाने के बाद जेल में पहली रात वह रो रहा था और काफी व्यथित दिखाई दे रहा था। जेल के चिकित्सकों ने शनिवार देर रात उसके



स्वास्थ्य का आकलन किया। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''चिकित्सीय जांच के दौरान वह रो पड़ा और उसने कर्मचारियों के सामने अपनी पीड़ा व्यक्त की।'' प्रज्वल ने कथित तौर पर कर्मचारियों को सूचित किया है कि उसने अपनी सजा को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। पूर्व सांसद फिलहाल उच्च सुरक्षा वाली कोठरी में बंद है। जेल अधिकारियों के अनुसार, दोषियों के लिए मानक ड्रेस कोड का पालन किया जा रहा है और उसे कैदियों को दी जाने वाली पोशाक पहननी होगी। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह रेवन्ना को आधिकारिक तौर पर कैदी संख्या 15,528 दी गई। प्रज्वल को शनिवार को शेष जीवन तक कारावास में रहने की सजा सुनाई गई और कुल 11.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। अदालत ने निर्देश दिया कि 11.25 लाख रुपये रेवन्ना के परिवार की घरेलू सहायिका व पीड़िता को दिए जाएं। यहां की एक अदालत ने प्रज्वल रेवन्ना (34) को यौन शोषण और बलात्कार के चार मामलों में से एक में दोषी ठहराया।

## अवैध रूप से भेजी गई पांच लाख गोलियां जब्त; उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से पांच लोग गिरफ्तार: एनसीबी

**नयी दिल्ली :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अवैध रूप से दवाओं को भेजने में शामिल एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 20 करोड़ रुपये मूल्य की पांच लाख से अधिक ट्रामाडोल और अल्प्राजोलम गोलियां जब्त की हैं और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। संघीय मादक पदार्थ निरोधक एजेंसी ने रविवार को एक बयान में कहा कि ये बरामदगी और गिरफ्तारियां मई में शुरू हुए तीन अभियानों के तहत हुईं, जिनमें उत्त-ाराखंड के देहरादून और जसपुर (उधम सिंह नगर जिला) और उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर, बरेली और सहारनपुर शामिल थे। एजेंसी ने पाया कि उत्तर प्रदेश के एक दूध विक्रेता ने अपना थोक दवा बिक्री लाइसेंस 5,000 रुपये प्रति माह पर उस गिरोह को पट्टे पर दे दिया था जो अवैध रूप से दवाओं का व्यापार करता था। एनसीबी ने कहा, इस गिरोह में फर्जी थोक विक्रेता शामिल थे और उन्होंने दवा बिक्री लाइसेंस का दुरुपयोग किया। नेटवर्क के पीछे के मास्टरमाइंड की पहचान करने और उसे पकड़ने के लिए जांच जारी है। बयान में कहा गया कि पुलिस और राज्य मादक पदार्थ निरोधक एजेंसियों जैसी स्थानीय प्रवर्तन एजेंसियों को आगे कार्रवाई के लिए सतर्क किया गया है। एनसीबी ने कहा कि उसने इन अभियानों के तहत पांच लोगों की गिरफ्तारी के अलावा 20 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग पांच लाख ट्रामाडोल और अल्प्राजोलम गोलियां जब्त की हैं।

## कन्नूर में 'दो रुपये वाले डॉक्टर के नाम से मशहूर चिकित्सक गोपाल का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**कन्नूर (केरल) :** केरल के कन्नूर में पिछले पांच दशक से अपने क्लिनिक में मात्र दो रुपये में हजारों गरीब मरीजों का इलाज करने वाले चिकित्सक ए. के. रायरू गोपाल का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण रविवार को निधन हो गया। गोपाल के परिवार से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। गोपाल 80 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। वह अपने निवास 'लक्ष्मी' में ही बने क्लिनिक में प्रतिदिन तड़के चार बजे से शाम चार बजे तक मरीजों का इलाज करते थे। उनके क्लिनिक में रोजाना सैकड़ों मरीज आते थे। उन्हें 'जनता का डॉक्टर' और 'दो रुपये वाले डॉक्टर' के नाम से जाना जाता था। गिरती सेहत के कारण उन्होंने क्लिनिक का समय सुबह छह बजे से शाम चार



बजे तक कर दिया था। चिकित्सक गोपाल उन मरीजों को दवाइयां भी देते थे, जिनके पास इसे खरीदने के पैसे नहीं होते थे। उम्र संबंधी समस्याओं के कारण मई 2024 में उन्हें अपना क्लिनिक बंद करना पड़ा था, जिससे इस क्षेत्र के गरीब मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि चिकित्सक का अंतिम संस्कार दोपहर में पय्यम्बलम में किया जाएगा।

## शहरी नक्सलियों की तरह काम करने वालों को गिरफ्तार किया जाएगा : फडणवीस

**नागपुर :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक सरकार की आलोचना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए नहीं है, बल्कि इसके तहत शहरी नक्सलियों की तरह काम करने वालों को गिरफ्तार किया जाएगा। राज्य विधानमंडल के हालिया मानसून सत्र के दौरान महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक-2024 पारित किया गया था, जिसका मकसद शहरी नक्सलवाद और वामपंथी उग्रवादी संगठनों की गैरकानूनी गतिविधियों को रोकना है। इस विधेयक में दोषी पाए जाने पर भारी जुर्माना और सात साल तक की जेल की सजा जैसे कड़े प्रावधान हैं। नागरिक समाज



समूहों और विपक्षी दलों ने इसकी कड़ी आलोचना की है। विपक्षी दल इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर असहमति को दबाने का एक हथियार मानते हैं। शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि यह कानून प्रदर्शनकारियों या सरकार की आलोचना करने वालों के खिलाफ नहीं है।

## असम में बेदखली अभियान के तहत 1,000 बीघा वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई

**गोलाघाट (असम) :** असम सरकार ने रविवार को गोलाघाट जिले में 1,000 बीघा (लगभग 133 हेक्टेयर) वन भूमि से कथित अतिक्रमण हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया जिसमें 350 से अधिक परिवारों को हटाया गया। प्रशासन ने रेंगमा आरक्षित वन क्षेत्र से लगभग 11,000 बीघा (करीब 1,500 हेक्टेयर) भूमि से अतिक्रमण हटाने के पहले चरण को शनिवार को पूरा करने के एक दिन बाद नंबोर दक्षिण आरक्षित वन क्षेत्र में यह नया अभियान शुरू किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, गेलाजन और नंबर तीन राजपुखुरी में अतिक्रमित क्षेत्रों को रविवार को



खाली कराया गया। इस दौरान 350 से अधिक घरों को हटाया गया और लगभग 1,000 बीघा वन भूमि को पुनः प्राप्त किया गया। यह कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस अभियान की निगरानी के लिए विशेष प्रमुख सचिव (वन) एम के यादव, गोलाघाट के जिला आयुक्त पुलक महंता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजेन सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। विज्ञप्ति में कहा गया, यह बेदखली पहल राज्य की एक व्यापक पारिस्थितिक बहाली रणनीति का हिस्सा है जिसका उद्देश्य अवैध अतिक्रमण से वन भूमि को मुक्त कराना है। आज की महत्वपूर्ण प्रगति के साथ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, जिससे असम की जैव विविधता वाले वन पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कैलाश कॉलोनी में मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कैलाश कॉलोनी में एसएसबी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। यह अस्पताल उचित दरों पर चौबीसों घंटे चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में रोबोटिक घुटना प्रतिरोपण जैसी उन्नत सेवाएं उपलब्ध हैं तथा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, श्वसन उपचार, नेफ्रोलॉजी तथा न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी के लिए विशेष विभाग हैं। अस्पताल के अध्यक्ष श्याम सुंदर बंसल ने कहा कि अस्पताल जल्द ही केंद्र की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन करेगा। कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति 1,000 लोगों पर एक से भी कम अस्पताल बिस्तर उपलब्ध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर केंद्रित तरीके से काम करें तो ऐसी चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य राष्ट्रीय राजधानी को वैश्विक चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित करना है, ताकि देश-विदेश से मरीज यहां आ सकें।

## वंतारा से 'महादेवी' की वापसी के लिए हजारों लोग मौन मार्च में शामिल हुए

**कोल्हापुर :** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में रविवार को हजारों लोगों ने एक 'मौन मार्च' में भाग लिया, जिसमें मांग की गई कि 36 वर्षीय हथिनी 'महादेवी' (जिसे माधुरी भी कहा जाता है) को गुजरात के जामनगर जिले के वंतारा वन्यजीव बचाव, उपचार एवं पुनर्वास केंद्र से वापस लाया जाए। यह मार्च सुबह नंदनी से शुरू हुआ और जिला कलेक्ट्रेट के बाहर समाप्त हुआ जिसका नेतृत्व पूर्व सांसद राजू शेट्टी ने किया। जिला कलेक्ट्रेट में हाथी की वापसी के लिए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। शेट्टी ने मार्च में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए कहा, जब माधुरी को ले जाया जा रहा था तो वह रो



रही थी। जिस स्थान पर उसे स्थानांतरित किया गया है, वहां 225 हाथी हैं, लेकिन फिर भी वे उसे चाहते थे, क्योंकि वह बहुत सुंदर है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबितकर ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार को कोल्हापुर में हुई बैठक में वंतारा के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे महादेवी को कोल्हापुर जिले के नंदनी में वापस लाने के प्रयासों में सहयोग करेंगे। 'महादेवी' तीन दशकों से अधिक समय तक नंदनी में श्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी जैन मठ में थी। उसे इस सप्ताह की शुरुआत में अदालत के फैसले के बाद वंतारा के राधे कृष्ण मंदिर हाथी कल्याण ट्रस्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। बंबई उच्च न्यायालय ने 16 जुलाई को महादेवी को जामनगर में वंतारा के सुविधा केंद्र में पुनर्वासित करने का आदेश दिया था। यह आदेश एक गैर सरकारी संगठन द्वारा महाराष्ट्र वन विभाग और उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) के समक्ष उसके बिगड़ते स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक पीड़ा पर चिंता जताए जाने के बाद दिया गया था।

## वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर चार कर्मचारियों से मारपीट की, एफआईआर दर्ज: स्पाइसजेट

**नयी दिल्ली :** स्पाइसजेट ने रविवार को कहा कि दिल्ली आने वाली उड़ान में सवार होने वाले एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने 26 जुलाई को श्रीनगर हवाई अड्डे पर एयरलाइन के जमीनी रखरखाव करने वाले चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की, जिससे उनमें से एक की रीढ़ की हड्डी टूट गई। एयरलाइन ने कहा कि स्थानीय पुलिस में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और नागर विमानन नियमों के अनुसार यात्री को 'नो-फ्लाई' सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्पाइसजेट ने कहा कि यह हमला तब हुआ जब यात्री से अतिरिक्त केबिन बैगेज के लिए भुगतान करने को कहा गया। सोशल मीडिया पर साझा की गई घटना के वीडियो क्लिप में यात्री को कर्मचारियों पर हमला करते और उनमें से एक को हवाई अड्डे पर कतार में खड़े होने वाले स्टैंड से मारते हुए दिखाया गया है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया और उनका इलाज चल रहा है। स्पाइसजेट ने एक बयान में कहा, छब्बीस जुलाई, 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर गंभीर हमला किया। घूंसे, बार-बार लात मारने और कतार वाले स्टैंड के हमले से हमारे कर्मचारियों की रीढ़ की हड्डी टूट गई और



जबड़े में गंभीर चोटें आईं। एयरलाइन के अनुसार, एक कर्मचारी बेहोश होकर ज़मीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री उसे लात-घूंसों से पीटता रहा। कंपनी ने कहा, एक अन्य कर्मचारी के जबड़े पर ज़ोरदार लात लगने से उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा, जब वह बेहोश हुए अपने सहकर्मी की मदद के लिए नीचे झुका था। स्पाइसजेट ने कहा कि यात्री, जो एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी था, दो केबिन बैगेज ले जा रहा था, जिनका कुल वज़न 16 किलोग्राम था, जो सात किलोग्राम की अनुमत सीमा से दोगुना से भी ज़्यादा था।

# ब्रूक और रूट की शतकीय पारियों के बाद कृष्णा ने भारत की वापसी कराई



**लंदन :** ओवल में खेले जा रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच का चौथा दिन बेहद रोमांचक रहा। हैरी ब्रूक (111 रन) और जो रूट (105 रन) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर इंग्लैंड ने 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 339 रन बना लिए हैं। अब इंग्लैंड को जीत के लिए सिर्फ 35 रन की जरूरत है, जबकि भारत को जीत के लिए चार विकेट चाहिए।दिन का खेल खराब रोशनी और फिर बारिश के कारण रोक दिया गया। इस समय जैमी स्मिथ (2 रन) और जैमी ओवरटन (0) नाबाद हैं। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने 109 रन देकर तीन और मोहम्मद सिराज ने 95 रन देकर दो विकेट लिए। ब्रूक और रूट ने तीसरे विकेट के लिए 195 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। ब्रूक ने 14 चौके और दो छक्कों की मदद से तेजतर्रार शतक लगाया, जबकि रूट ने अपने टेस्ट करियर का 39वां शतक पूरा किया। यह उनका भारत के खिलाफ 13वां शतक है।रूट ने यह शतक दिवंगत खिलाड़ी ग्राहम थोर्प को समर्पित किया और आसमान की ओर उंगली उठाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। हालांकि, रूट के शतक के बाद कृष्णा ने उन्हें विकेट के पीछे कैच कराकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। फिर उन्होंने जैकब बेथल को भी बोल्ड किया।ब्रूक भी एक आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में सिराज के हाथों लपके गए। यह विकेट भारत के लिए अहम रहा क्योंकि इससे इंग्लैंड की रनगति पर ब्रेक लगा। इससे पहले सुबह सिराज और कृष्णा ने मिलकर इंग्लैंड को शुरुआती झटके दिए। कृष्णा ने डकेट (54) को और सिराज ने पोप (27) को आउट कर भारत को वापसी दिलाई।अब मुकाबला निर्णायक मोड़ पर है। पांचवें और अंतिम दिन दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है।

## पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल में भविष्य में भागीदारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया



**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के आयोजकों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए रविवार को भविष्य में इस टूर्नामेंट में अपने खिलाड़ियों की भागीदारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। भारतीय टीम ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंधों को लेकर देश के रुख का हवाला देते हुए इस पड़ोसी देश के खिलाफ डब्ल्यूसीएल के ग्रुप चरण के मुकाबले और सेमीफाइनल दोनों में खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पीसीबी ने यह फैसला किया। पीसीबी ने मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की वर्चुअल बैठक के बाद एक बयान में कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) घोषणा करता है कि वह भविष्य में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भाग लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रहा है।' पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल द्वारा भारत को अंक देने के निर्णय पर भी कड़ी आपत्ति जताई तथा कहा कि यह 'पाखंड और पक्षपातपूर्ण है।' भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण में मुकाबला होना था, लेकिन भारतीय टीम ने आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्रीय भावनाओं का हवाला देते हुए पाकिस्तानी टीम के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया। भारतीय टीम में शिखर धवन, युवराज सिंह, इरफान पठान, सुरेश रैना और हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल थे।

## भारतीय वायुसेना को हराकर नामधारी एफसी डूरंड कप के ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंचा



**कोलकाता :** नामधारी एफसी ने 134वें डूरंड कप फुटबॉल में रविवार को यहां भारतीय वायु सेना को 4-2 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। नामधारी एफसी अब छह अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गया। टीम ने बुधवार को ईस्ट बंगाल के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले से पहले खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचा लिया है। सैमुअल के भारतीय वायुसेना को मैच के सातवें मिनट में गोल कर बढ़त दिला दी। क्लेडसन दा सिल्वा (पेनल्टी, 37वां मिनट), अमनदीप सिंह (45वां) और दूसरे हाफ में धर्मप्रीत सिंह (60वां) और स्थानापन्न सेलेनथांग लोत्जेम (74वां मिनट) के गोलों के साथ जवाबी कार्रवाई करते हुए पूरे तीन अंक हासिल कर लिए। संकित ने मैच के 78वें मिनट मेंवायुसेना के लिए दूसरा गोल किया लेकिन यह टीम को वापसी कराने के लिए काफी नहीं था।

## वेस्टइंडीज की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत



**लॉडरहिल (अमेरिका):** जैसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को नौ विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे मुकाबले में बनाए रखा। वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया।

## शिवम, मौसम अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते

**बैंकॉक :** भारत के शिवम और मौसम सुहाग ने रविवार को यहां अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने वजन वर्ग में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की। पुरुष 55 किग्रा वर्ग में शिवम ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए तुर्कमेनिस्तान के बेजिरगेन अनायेव को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इसके बाद मौसम ने 65 किग्रा वर्ग में कड़े मुकाबले में कजाखस्तान के नूरकाबिलुली मुखित को 3-2 से हराया। अंडर-19 वर्ग में हालाकि शुभम को 60 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के तोर्तुबेक आदिलेत के खिलाफ 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## राहुल ने आखिरी आईपीएल मैच के बाद हर मिनट इंग्लैंड श्रृंखला की तैयारी में बिताया: अभिषेक नायर

**मुंबई :** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने रविवार को कहा कि लोकेश राहुल ने अपने आखिरी आईपीएल मैच के बाद हर मिनट इंग्लैंड दौरे की तैयारी में बिताया है और टीम के लिए सभी क्रम पर खेलने से मिलने वाली प्रशंसा के वह हकदार हैं। राहुल पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने दो शतक और दो अर्धशतक की मदद से 53.20 की औसत से 532 रन बनाए और यशस्वी जायसवाल के साथ एक मज़बूत सलामी जोड़ी बनाई।



कुछ समय पहले तक भारत के सहायक कोच के रूप में काम करने वाले नायर ने कहा कि वह राहुल द्वारा किए गए बदलावों का खुलासा नहीं कर सकते लेकिन वह वांछित परिणाम देखकर खुश हैं। महिला प्रीमियर लीग टीम यूपी वारियर्स के मुख्य कोच नायर ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, 'मैं लोकेश राहुल में देखे गए बदलावों के बारे में बात नहीं कर सकता क्योंकि इससे उसका प्रभाव काफी कम हो जाएगा।' उन्होंने कहा, 'मैं बस इतना कह सकता हूं कि जो भी बदलाव हुए हैं, वे वाकई कारगर रहे हैं।' नायर ने कहा कि राहुल ने आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे की तैयारी शुरू करने में कोई समय बर्बाद नहीं किया। उन्होंने कहा, 'उसने बहुत, बहुत कड़ी मेहनत की है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अपने बच्चे के जन्म के बाद वह आईपीएल में खेला। वह तुरंत वापस आ गया।

### यूपी वॉरियर्स में ट्रॉफी जीतने की संस्कृति बनाना चाहता हूं : अभिषेक नायर

भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वॉरियर्स के मुख्य कोच के रूप में अपनी नई भूमिका को चुनौती से ज्यादा एक मौके के रूप में देखते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतने वाली संस्कृति का निर्माण करना है। इस साल की शुरुआत में डब्ल्यूपीएल में निराशाजनक अंतिम स्थान पर रहने के बाद नायर को फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। यूपी वॉरियर्स 2024 में चौथे स्थान और 2023 में शुरूआती चरण में तीसरे स्थान पर रही थी। फ्रेंचाइजी द्वारा आयोजित साक्षात्कार में नायर ने पीटीआई को बताया, 'मैंने हमेशा किसी भी चीज को मौके के रूप में देखा है और यह एक ऐसा अवसर है जिसके लिए मैं बहुत उत्साहित हूं।'

### सुमित और भूमिका अंडर-20 एशिया रग्बी चैंपियनशिप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे

**नयी दिल्ली :** बंगाल के सुमित कुमार रॉय और राजस्थान की भूमिका शुक्ला नौ और 10 अगस्त को बिहार के राजगीर में होने वाली एशिया रग्बी एमिरेट्स अंडर-20 सेवंस चैंपियनशिप 2025 में भारतीय टीमों का नेतृत्व करेंगे। टीमों का चयन तीन जुलाई को कोलकाता के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में शुरू हुए राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के बाद किया गया। पुरुष वर्ग में भारत, चीन, यूएई, हांगकांग, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका और मलेशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। महिला वर्ग में मलेशिया की जगह नेपाल रहेगा। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, 'एशिया रग्बी अंडर-20 सेवंस चैंपियनशिप एक ऐसा टूर्नामेंट है जहां एक खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय भविष्य आकार लेना शुरू करता है। हम इस साल विशेष रूप से अपनी पुरुष और महिला दोनों टीमों को घरेलू धरती पर एक साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।' जूनियर पुरुष टीम के उप-कप्तान करण राजभर हैं जबकि अंडर-20 महिला टीम की उप-कप्तान महाराष्ट्र की तनुश्री भोसले हैं। 2022 के बाद यह पहली बार होगा जब दोनों भारतीय अंडर-20 टीमें महाद्वीपीय स्तर पर एक साथ भाग लेंगी।

## भावना और यात्री ने अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पदक पक्के किए

**बैंकॉक :** भावना शर्मा और यात्री पटेल ने रविवार को यहां अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर शानदार जीत दर्ज करते हुए पदक पक्के किए। भावना ने महिलाओं के 48 किग्रा क्वार्टर फाइनल में वियतनाम की न्गोक लिन्ह ची न्गो को आसानी से हराया जबकि यात्री ने महिलाओं के 57 किग्रा मुकाबले में श्रीलंका की कीर्थना उथयकुमार के खिलाफ जीत दर्ज कर अंतिम चार में जगह बनाई। दोनों ने सर्वसम्मति से जीत हासिल की। तनु ने भारत के लिए एक और पदक हासिल करने की पूरी कोशिश की लेकिन महिलाओं के 54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में स्थानीय मुक्केबाज नत्निचा चोंगप्रोंगक्लांग से हार गईं। भारत के शिवम और मौसम सुहाग ने अपने-अपने वजन वर्ग में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की। पुरुष 55 किग्रा वर्ग में शिवम ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए तुर्कमेनिस्तान के बेजिरगेन अनायेव को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इसके बाद मौसम ने 65 किग्रा वर्ग में कड़े मुकाबले में कजाखस्तान के नूरकाबिलुली मुखित को 3-2 से हराया। अंडर-19 वर्ग में हालांकि शुभम को 60 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के तोर्तुबेक आदिलेत के खिलाफ 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप एक साथ आयोजित की जा रही हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों (प्रत्येक आयु वर्ग में 20) का एक मजबूत दल उतारा है।

## त्रिपुरा के मुख्यमंत्री ने धलाई में क्रिकेट मैदान का उद्घाटन किया

**अगरतला :** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को धलाई जिले के कमलपुर में नये क्रिकेट मैदान का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उभरते खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रत्येक उप-मंडल में एक क्रिकेट मैदान का निर्माण करना चाहती है। साहा ने कहा कि पिछली सरकार ने कमलपुर में क्रिकेट स्टेडियम बनाने में गलती की थी। उन्होंने कहा, 'जब मैं टीसीए (त्रिपुरा किकेट संघ) का अध्यक्ष था, तो मैं निर्माण कार्य देखने के लिए कमलपुर गया था और मुझे वहां कमियां मिलीं। राज्य के तत्कालीन खेल मंत्री मनोज कांति देब मुझे स्टेडियम पूरा कराने के लिए बुलाते थे। आज, पिछली सरकार की सभी दोषपूर्ण योजनाओं को हटाकर क्रिकेट मैदान का उद्घाटन किया गया है।'

# समाज्ञा व्यापार

# हितधारकों को कारोबारी सुगमता प्रदान करेगी प्रस्तावित खनन नीति : गडकरी



**नागपुर :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि केंद्र द्वारा बनाई जा रही खनन नीति से कारोबार करना आसान हो जाएगा क्योंकि सभी मंज़ूरियांती न महीने में दे दी जाएंगी ताकि खनन प्रक्रिया चौथे महीने में शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि नई खनन नीति के तहत सभी अड़चनें दूर कर दी जाएंगी। केंद्रीय मंत्री नागपुर में 'भारत एट 100 विदर्भ की विकसित भारत की यात्रा का मार्ग प्रशस्त करता है' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विदर्भ के गढ़चिरौली ज़िले में खनन और इस्पात के क्षेत्र में हो रहे विभिन्न विकासों के बारे में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एक खनन नीति तैयार कर रही है। उन्होंने कहा, यह खनन नीति हाल ही में मंत्रिमंडल की बैठक में अनुमोदन के लिए आई थी। हालांकि, प्रधानमंत्री इस पर पूरी तरह सहमत नहीं थे और मेरे कुछ सुझाव देने के बाद, उन्होंने (प्रधानमंत्री ने) मंत्रिमंडलीय सचिव को मेरे साथ नीति पर चर्चा और समीक्षा करने का निर्देश दिया। गडकरी ने कहा कि उनका सुझाव है कि नीति में खनन प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करने की अनुमति होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि पर्यावरणीय मंज़ूरी अधिकतम एक महीने में दे दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, इसी तरह, राज्य और केंद्र सरकार सभी ज़रूरी मंज़ूरियां देंगी। इस प्रकार, तीन महीनों में सभी आवश्यक अनुमतियां दे दी जाएंगी और चौथे महीने में उत्पादन शुरू हो जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इससे कारोबारी सुगमता होगी क्योंकि सभी अड़चनें दूर हो जाएंगी।

## आठ सहकारी समितियों ने 'भारत' टैक्सी सेवा शुरू करने के लिए हाथ मिलाया, 200 चालकों को शामिल किया

**नयी दिल्ली :** भारत का सहकारी क्षेत्र इस साल के अंत तक भारत ब्रांड के तहत टैक्सी सेवा शुरू करके ओला और उबर जैसी दिग्गज कम्पनियों को चुनौती देने के लिए तैयार है। इस सेवा को 300 करोड़ रुपये की अधिकृत पूंजी प्राप्त है और चार राज्यों में 200 ड्राइवरों (चालकों) को पहले ही इससे जोड़ा जा चुका है।



छह जून को पंजीकृत बहु-राज्य सहकारी टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) और गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) सहित आठ प्रमुख सहकारी समितियों के एक संघ का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले महीने, सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस क्षेत्र के लिए एक व्यापक सहकारी नीति का अनावरण करते हुए संकेत दिया था कि 2025 के अंत तक एक सहकारी टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी। एनसीडीसी के उप प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया, मुख्य उद्देश्य ड्राइवरों को बेहतर रिटर्न सुनिश्चित करना और यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और किफायती सेवाएं प्रदान करना है। यह उद्यम बिना किसी सरकारी हिस्सेदारी के संचालित होता है और पूरी तरह से सहभागी सहकारी समितियों द्वारा वित्त पोषित है। इसके संस्थापक सदस्यों में कृषक भारती सहकारी लिमिटेड (कृभको), राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) भी शामिल हैं।

## भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक आकर्षक स्थल, ट्रंप का बयान बिल्कुल गलत: अर्थशास्त्री भानुमूर्ति

**नयी दिल्ली :** भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक आकर्षक स्थल है और पिछले तीन साल से सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत' बताना 'बिल्कुल गलत' है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक एन आर भानुमूर्ति ने रविवार को यह कहा। उन्होंने बताया कि दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के उलट, भारतीय अर्थव्यवस्था काफी हद तक घरेलू कारकों पर आधारित है। विशाल घरेलू बाजार और बढ़ते डिजिटल बाजार के साथ, अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के कारण वृद्धि के मोर्चे पर जोखिम सीमित है। उल्लेखनीय है कि भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस के साथ व्यापार करने को लेकर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा के बाद ट्रंप ने पिछले सप्ताह एक सोशल मीडिया मंच पर लिखा, 'मुझे परवाह नहीं है कि भारत, रूस के साथ क्या करता है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अपनी 'मृत अर्थव्यवस्थाओं' को एक साथ कैसे नीचे ले जा सकते हैं।' भानुमूर्ति ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान बिल्कुल गलत है। अगर वैश्विक अर्थव्यवस्था को देखें, तो भारत निश्चित रूप से संकटग्रस्त वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक 'आकर्षक स्थल' है। पिछले तीन वर्षों से भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसकी मुद्रास्फीति दर तीन प्रतिशत से भी कम है। अन्य सभी मानदंड जैसे चालू खाता घाटा (कैड), सार्वजनिक ऋण, विदेशी मुद्रा भंडार, सभी एक मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत दे रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'अत्यधिक गरीबी लगभग समाप्त हो जाने के साथ, हम जल्द ही चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।


## साल 2030 तक दोगुना होकर 9.6 लाख करोड़ रुपये का हो सकता है भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार

**नयी दिल्ली :** उद्योग जगत ने अनुमान जताया है कि भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 2030 तक दो-गुने से भी अधिक होकर 100-110 अरब डॉलर के दायरे में पहुंच जाएगा। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह कहा गया। उद्योग के अनुमानों का हवाला देते हुए बयान में कहा गया है कि भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार 2024-2025 में लगभग 45-50 अरब डॉलर का था, जबकि 2023 में यह 38 अरब डॉलर का था। बयान के अनुसार,



उद्योग के अनुमानों के अनुसार, भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार का आकार 2023 में लगभग 38 अरब डॉलर, 2024-2025 में 45-50 अरब डॉलर और 2030 तक 100-110 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सेमीकंडक्टर की आवश्यकता, सरकार के प्रयासों और उद्योग की प्रतिक्रिया पर प्रकाश डालते हुए एक विस्तृत बयान में कोविड महामारी के दौरान चुनिंदा भौगोलिक क्षेत्रों पर निर्भरता के कारण विभिन्न प्रौद्योगिकी क्षेत्रों, विशेष रूप से वाहन उद्योग के सामने आए संकट का हवाला दिया गया और वैश्विक आपूर्ति शृंखला में भारत को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बयान के अनुसार, वर्तमान में, ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देश सेमीकंडक्टर उद्योग पर हावी हैं। ताइवान दुनिया के 60 प्रतिशत से अधिक सेमीकंडक्टर का उत्पादन करता है, जिसमें लगभग 90 प्रतिशत सबसे उन्नत सेमीकंडक्टर शामिल हैं। बयान में कहा गया, एक ही क्षेत्र पर इस तरह की निर्भरता ने वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को महामारी और प्राकृतिक आपदाओं से लेकर भू-राजनीतिक तनावों तक, गंभीर जोखिमों के प्रति उजागर कर दिया है।

## रूसी तेल पर अमेरिकी जुर्माने से 9-11 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है भारत का आयात बिल



**नयी दिल्ली :** नयी दिल्ली, तीन अगस्त (भाषा) अगर भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना लगाने की अमेरिकी धमकियों से बचने के लिए भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात बंद करता है, तो देश का वार्षिक तेल आयात बिल 9-11 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक है। फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद पश्चिमी देशों ने मास्को पर प्रतिबंध लगाए थे। इसके बाद भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदकर महत्वपूर्ण लाभ हासिल किया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से तेल एवं हथियार खरीदने पर जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद अब हालात बदल गए हैं। अमेरिका ने 25 प्रतिशत शुल्क की अधिसूचना जारी कर दी है, लेकिन जुर्माने की राशि अभी तक घोषित नहीं की गई है। वैश्विक विश्लेषक केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक सुमित रिटोलिया ने इसे ''दोतरफा दबाव'' करार दिया। एक ओर यूरोपीय संघ के प्रतिबंध भारतीय रिफाइनरियों को प्रभावित करेंगे, वहीं दूसरी ओर अमेरिकी शुल्क का खतरा भारत के रूसी तेल व्यापार के आधारभूत ढांचे को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा, ''ये सभी उपाय मिलकर भारत के कच्चे तेल की खरीद के लचीलेपन को कम करते हैं, अनुपालन जोखिम बढ़ाते हैं और लागत में भारी अनिश्चितता पैदा करते हैं। केप्लर के आंकड़े जुलाई में भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय गिरावट दर्शाते हैं (जून में 21 लाख बैरल प्रतिदिन की तुलना में 18 लाख बैरल प्रतिदिन)। हालांकि यह कमी कुछ हद तक नियमित रिफाइनरी रखरखाव और कमजोर मानसून प्रेरित मांग के चलते भी हो सकती है। यह गिरावट सरकारी रिफाइनरों के बीच ज्यादा स्पष्ट है। निजी रिफाइनरी भी खरीद में विविधता ला रही हैं।

## न्यूज अपडेट

### पार्थ इलेक्ट्रिकल्स एंड इंजीनियरिंग ने आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से 13.8 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली :** विद्युत उपकरण विनिर्माता पार्थ इलेक्ट्रिकल्स एंड इंजीनियरिंग ने रविवार को कहा कि उसने चार अगस्त को पेश होने जा रहे अपने 49.72 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के खुलने से पहले एंकर (बड़े) निवेशकों से 13.8 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कैप्री ग्लोबल कैपिटल, बीकन स्टोन कैपिटल और इंडियामैक्स इन्वेस्टमेंट फंड उन निवेशकों में शामिल हैं जिन्होंने एंकर निवेशक दौर में भाग लिया। कंपनी ने आईपीओ का मूल्य दायरा 160-170 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का आईपीओ चार अगस्त को पूंजी बाजार में आएगा और छह अगस्त को बंद होगा। कंपनी के शेयर एनएसई एसएमई के मंच इमर्ज पर सूचीबद्ध होंगे। यह सार्वजनिक निर्गम पूरी तरह से 49.72 करोड़ रुपये मूल्य के 29.25 लाख शेयरों का एक नया निर्गम है। कंपनी ने आईपीओ-पूर्व नियोजन के माध्यम से 12 करोड़ रुपये जुटाए थे।

### एयर इंडिया ने तकनीकी समस्या के कारण सिंगापुर-चेन्नई उड़ान रद्द की

**नयी दिल्ली :** एयर इंडिया ने रविवार को तकनीकी खराबी के कारण सिंगापुर से चेन्नई जाने वाली अपनी उड़ान रद्द कर दी। उड़ान संख्या एआई349 को एयरबस ए321 से संचालित किया जाना था। एयरलाइन ने रविवार को एक बयान में कहा कि सिंगापुर से चेन्नई जाने वाली उड़ान संख्या एआई349 को प्रस्थान से पहले मिले एक रखरखाव कार्य के कारण रद्द कर दिया गया है, जिसके सुधार के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता थी। एयर इंडिया ने कहा, यात्रियों को जल्द से जल्द चेन्नई पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। होटल में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है, और रद्दीकरण पर पूरा पैसा वापस किया जा रहा है, या यात्रियों को उनकी पसंद के आधार पर मानार्थ पुनर्निर्धारण की सुविधा भी दी जा रही है। एयरलाइन के अनुसार, सिंगापुर में जमीनी रखरखाव वाले कर्मचारी इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

### ब्याज दर निर्णय, तिमाही नतीजे, शुल्क संबंधी खबरों से इस सप्ताह तय होगी बाजार की चाल

**नयी दिल्ली :** इस सप्ताह शेयर बाजार ब्याज दर पर आरबीआई के फैसले, कई प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजों और शुल्क संबंधी खबरों पर नजर रखेगा। इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और वैश्विक इक्विटी बाजारों के रुझान भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, 'घरेलू स्तर पर, सभी की निगाहें भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति बैठक पर होंगी, जहां मुद्रास्फीति, नकदी और वृद्धि को लेकर केंद्रीय बैंक की टिप्पणियों पर गहरी नजर रहेगी। आय के मोर्चे पर भारती एयरटेल, डीएलएफ, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम जैसी प्रमुख कंपनियों के नतीजे आने हैं।' मिश्रा ने कहा कि अन्य महत्व-पूर्ण कारकों में एचएसबीसी सेवा और समग्र पीएमआई की घोषणा, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापार वार्ता पर अमेरिकी रुख शामिल हैं। ये सभी निकट भविष्य में बाजार की चाल को प्रभावित कर सकते हैं। व्यापार संबंधी चिंताओं और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने पिछले सप्ताह बाजारों में निराशा को और बढ़ा दिया। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा, 'वैश्विक और घरेलू कारकों से बढ़ी अस्थिरता के बीच छह अगस्त को होने वाली आरबीआई की नीतिगत बैठक एक महत्वपूर्ण घटना होगी।'

वर्ष 10, पूर्णांक 3317 अंक 127, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in